

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...




● नई दिल्ली । शुक्रवार 23 जनवरी -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 35 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# मेयर ने कहा : सदन के फैसले का होगा सम्मान
# पुरानी दरों पर ही वसूला जायेगा हाउस टैक्स

**- कर अधिकारी को लिया मेयर ने निशाने पर**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स को लेकर मेयर सुनिता दयाल गुरूवार को पूरे फॉम में नजर आयी। अभी तक हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर पार्षद लखनऊ होकर आये थे। मिनट्स बुक को लेकर पार्षद धरनेपर बैठ गये थे। और हाउस टैक्स किस दर पर लिया जायेगा इस पर मेयर साईलेंट मोड पर थीं। यहां तक कि पूर्व मेयर अशु वर्मा ने जब अपने घर के हाउस टैक्स को लेकर मेयर से बात की तो उन्होंने इस मुददे को सार्वाजनिक किया। हाउस टैक्स को लेकर अब नये ईयर में मेयर सुनिता दयाल ने गेयर चेंज किया और उन्होंने गुरूवार को ये एलान किया कि सदन के निणर्य का सम्मान होगा और पुरानी दरों पर ही हाउस टैक्स वसूला जायेगा। बड़ी बात ये है कि यहां मेयर ने कर निर्धारण अधिकारी के निशाने पर लिया और जून वाली बैठक के बाद मेयर सुनिता दयाल ने हाउस टैक्स के सलैब को लेकर जनता का कन्फयूजन दूर किया। स्पष्ट कर दिया कि पुरानीदरों पर ही टैक्स वसूला जायेगा। 22 जनवरी गुरूवार को मेयर ने जो कहा वो बात उन्होंने पहले भी कही थी और 22 जनवरी को उन्होंने ये भी कहा कि पुरानी दरों पर टैक्स लिया जायेगा और यहां सदन को सर्वापरि बताते हुए उन्होंने कह दियाकि जो भी निर्णय सदन में लिया जायेगा वहीं फाईनल होगा। मेयर सुनिता दयाल ने 30 जून 2025 की बोर्ड बैठक का हावाला दिया और कहा कि सदन की बैठक में सभी जनप्रतिनिधयों द्वारा स्पष्टता और एकमत से यह निर्णय लिया गयाकि गृह कर पुरानी दर से वसूला जायेगा। कोई नयी दर लागू नहीं की जायेगी और सदन के निर्णय का सम्मान सभी को करना चाहिए। यदि आवश्यक होगा तो गृह कर पर पुनः विचार भी सदन में ही किया जा सकता है। आगामी बोर्ड बैठक को लेकर भी मेयर सुनिता दयाल ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में सदन की बैठक अपेक्षित है लेकिन सदन कक्ष निर्माणाधीन हाने के कारण ये बैठक नहीं हो सकी है ,ये बैठक फिर होगी ।एक लम्बे समय के बाद ये हुआ कि मेयर ने सामने आकर स्पष्ट किया और इस बार खास बात ये है कि मेयर ने सदन को सर्वोपरि रखा है और एक संदेश दिया है कि फैसले सदन से निकलेंगे।

### और ले लिया मेयर ने गृह कर के प्रस्तावक को कार्यवाही के रडार पर

करंट क्राइम। मेयर सुनिता दयाल गुरूवार को हाउस टैक्स के मुददे पर खुलकर सामने आयीं। उन्होंने पिछले वर्ष के जून महीने में हुई बोर्ड बैठक और उस बैठक में लिये गये फैसले का जिक्र किया। इसके बाद गृह कर के प्रस्तावक और रिटायर हो चुके मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डा.संजीव सिन्हा को रडार पर लिया। मेयर ने कहा कि उनके कार्यकाल में गृहकर लगवाने और वसूलने में बहुत भारी अनियमितता पायी गयी। ऐसे और भी गम्भीर प्रकरण सामने आये हैं। हाउस टैक्स पेयर से गृह कर की वसूली ना करके अपने कोष से जमा कराया है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम तथा रमतेराम रोड कॉपलैक्स का हाउस टैक्स नगर निगम ने अपने कोष से जमा कराया है। मेयर ने प्रैस नोट जारी किया और कहा कि आज भी सेवा निवृत मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डा. सिन्हा का नगर निगम के कामों में हस्तक्षेप पूरी तरह से नगर निगम के हितों के विपरीत है।

# मेरठ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, खेल विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण







**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सलावा स्थित मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री को दोपहर 1:50 बजे हेलीपैड पर पहुंचना था लेकिन वह पहले सोनीपत एक कार्यक्रम में शामिल हुए और फिर मेरठ के लिए रवाना हुए। दोपहर ढाई बजे उनके हेलीकॉप्टर ने सलावा में बनाए गए हैलीपेड पर लैंड किया। इसके बाद उनका काफिला खेल विवि के प्रशासनिक भवन की ओर रवाना हुआ। सलावा में सीएम योगी खेल विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के साथ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 31 मई 2026 तक हर हाल में विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र शुरू किया जाए।

सीएम के कार्यक्रम से पहले बुधवार को कमिश्नर भानु चंद्र गोस्वामी, एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा और कुलपति मेजर जनरल दीप अहलावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी सलावा पहुंचे। अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और व्यवस्थाओं को परखा।



**संगीत सोम की सुरक्षा टीम को पुलिस ने रोका, पैदल गई टीम**

वहीं सीएम के कार्यक्रम में सुरक्षा टीम के साथ पहुंचे पूर्व विधायक संगीत सोम के काफिले को पुलिस ने रोक दिया। इस पर संगीत सोम भड़क गए और सीओ को धमकी तक दे डाली। हालांकि बाद में सुरक्षा टीम पैदल ही आगे बढ़ी।

### अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बुधवार को दिन भर पुलिस और प्रशासनिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने खेल विश्वविद्यालय परिसर, सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस और हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### खोखों को लेकर डीआईजी की नाराजगी

निरीक्षण के दौरान डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सलावा चौराहे पर बड़ी संख्या में खुले खोखों को देखकर सरधना थाना पुलिस पर नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल किया कि इतनी संख्या में खोखे कैसे खुल गए। पुलिस की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाया। इससे पहले कुलपति मेजर जनरल दीप अहलावत भी इस संबंध में पत्र लिख चुके थे।

# कैबिनेट मंत्री की विधानसभा में लिटटी चोखा का आनंद लेने आ रहे हैं डिप्टी सीएम

**पहले होगी मन की बात और फिर आयेगा पूर्वांचली व्यंजनों का स्वाद**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की सबसे बड़ी विधानसभा में लिटटी चोखा की खुशबू फैलने लगी है और दावत की तैयारी शुरू हो गयी है। कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधानसभा के विधायक सुनील शर्मा ने यहां पर पूर्वांचली समाज के लिए दावत का एलान किया था। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा हर वर्ष पूर्वांचल और उत्तरांचल के व्यंजनों के साथ इन समाज के लोगों को दावत देते हैं। एक अहसास अपनेपन का होता है और इस बार भी यही तैयारी है।

बताया जाता है कि इस बार तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बाकायदा भोजपुरी भाषा में पत्र लिखा और फिर इस निमंत्रण पत्र के जरिये उन्हों‍ंन पूर्वांचल समाज के लागों को दावत ए लिटटी चोखा पर आमंत्रित किया। दावत का वेन्यू और मेन्यू दोनों ही तय हो गये हैं। दावत की तैयारी शुरू हो गयी है। 25 जनवरी को इंदिरापुरम के सत्यम फार्महाउस में ये कार्यक्रम आयोजित होगा। 25 जनवरी को जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपनी विधानसभा में पूर्वांचल समाज को लिटटी चोखा की दावत देंगे तो यहां सबसे प्रमुख मेहमान यानी चीफ गेस्ट के रूप में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आयेंगे। दावत का इंतजाम कुछ इस तरह से है कि सबसे पहले सभी एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात को सुनेंगे। और फिर उसके बाद सभी एक साथ बैठकर लिटटी चोखा का आनंद लेंगे। एक शानदार कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हो चुकी है। पूर्वांचल समाज के गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद अलर्ट, बॉर्डर से लेकर प्रमुख इलाकों में कड़ा पहरा

## मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और मॉल में 36 घंटे का विशेष चेकिंग अभियान

**- पुलिस कमिश्नर ने बनाया सुरक्षा का प्लान**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करते हुए गुरुवार देर शाम से ही विशेष सतर्कता अभियान की शुरूआत कर दिया गया है।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने एसीपी को फील्ड में उतरकर स्वयं निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं सभी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाने, पैदल गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर कड़ी नजर रखने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की ओर से 36 घंटे का विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आरआरटीएस कॉरिडोर, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बस अड्डे, मॉल, भीड़भाड़ वाले स्थानों के साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में सघन तलाशी और चेकिंग की जा रही है।

वहीं दिल्ली बॉर्डर, नोएडा बॉर्डर एवं अन्य जनपदों की सीमाओं पर भी पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग कर वाहन चेकिंग और सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान संदिग्ध नजर आने वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है और वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही है।

### बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड तैनात, ड्रोन से होगी नजर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि बॉर्डर से सटे इलाकों सहित प्रमुख स्थानों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, भड़काऊ पोस्ट करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पहले से ही धारा 163 लागू है, जिसके तहत निषेधाज्ञा प्रभावी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी। करंट क्राइम से बातचीत में एडिशनल सीपी ने बताया है कि गणतंत्र दिवस की सुरक्षा को देखते हुए बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को भी अलग-अलग महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है। संदिग्ध वस्तुओं और स्थानों की नियमित जांच की जा रही है।

> “पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि को लेकर कोई भी संदेह हो तो तुरंत नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम को सूचना दें। सुरक्षा में सहयोग देकर गणतंत्र दिवस को शांति और सौहार्द के साथ मनाने में पुलिस का सहयोग करें।

### दिल्ली में गणतंत्र दिवस फुल ड्रेस रिहर्सल आज

# गाजियाबाद के कई बॉर्डर पर रहेगा रूट डायवर्जन

## 25 जनवरी की रात 8 बजे से 26 जनवरी तक वाहनों की आवाजाही रहेगी प्रतिबंधित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली में गणतंत्र दिवस की मुख्य परेड को लेकर शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी। इसके मद्देनजर गाजियाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाले कई प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। वहीं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर भी 25 जनवरी की रात 8 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक हल्के और भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रूट डायवर्जन प्लान और ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी गई है। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने बताया कि दिल्ली से सटे बॉर्डर इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी।




### यातायात पुलिस की जनता से अपील

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले रूट डायवर्जन की जानकारी अवश्य लें, अनावश्यक यात्रा से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

इससे जाम की स्थिति से बचा जा सकेगा और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी।

### इन बॉर्डर और मार्गों पर रहेगा वाहनों का प्रतिबंध

करंट क्राइम : दिल्ली में फुल ड्रेस रिहर्सल और गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए 25 जनवरी की रात 8 बजे से गाजियाबाद के निम्नलिखित 11 प्रमुख बॉर्डर और मार्गों से दिल्ली की ओर जाने वाले हल्के व भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट किया जाएगा। इसके साथ ही शुक्रवार को भी यहां परेशानी हो सकती है। जिसमें यूपी गेट, गाजीपुर बॉर्डर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे,भोपुरा मोड़ बॉर्डर, तुलसी निकेतन बॉर्डर, लोनी बॉर्डर, ईडीएम मॉल रोड, सूर्य नगर, शाहदरा बॉर्डर, सेवा धाम चौकी बॉर्डर, अंकुर विहार बॉर्डर, सभापुर बॉर्डर, आनंद विहार-महाराजपुर बॉर्डर प्रमुख स्थान हैं।

# 24 जनवरी को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में होगी गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

## महिला आईपीएस डॉ. दीप्ति चौहान संभालेंगी परेड की कमान, 11 टोलियां लेंगी हिस्सा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन से पूर्व पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। यह रिहर्सल पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में संपन्न होगी, जिसमें 26 जनवरी को होने वाली मुख्य परेड की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। रिहर्सल के दौरान डमी के रूप में कैबिनेट मंत्री सलामी लेंगे, जबकि पुलिस कमिश्नर सहित कमिश्नरेट के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर महिला अंडर ट्रेनिंग आईपीएस अधिकारी डॉ. दीप्ति चौहान परेड की प्रथम कमांडर के रूप में परेड का संचालन करेंगी, जो गाजियाबाद पुलिस के लिए गर्व का विषय होगा। इस वर्ष पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में कुल 11 टोलियां शामिल होंगी। इनमें तीनों जोनों से उप निरीक्षकों की टोलियां, पीएसी, यातायात पुलिस, सिविल डिफेंस और एनसीसी की कैडेट्स भी शामिल रहेंगी, जो अपने अनुशासन और दमखम का प्रदर्शन करेंगी। परेड ग्राउंड को इस अवसर पर तिरंगे की थीम पर भव्य रूप से सजाया जा रहा है। वहीं दमकल विभाग की फायर फाइटिंग टीम वाटर कैनन के माध्यम से तिरंगे की छटा बिखेरते हुए विशेष प्रस्तुति देगी, जो समारोह का मुख्य आकर्षण होगी।





पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 जनवरी को होने वाली फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न पदों पर तैनात अधिकारी भाग लेंगे। 26 जनवरी को आयोजित होने वाली वार्षिक परेड में 500 से अधिक अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें शहर के अति विशिष्ट नागरिक, जनप्रतिनिधि, सिविल डिफेंस विभागों के प्रमुख, पूर्व पुलिस अधिकारी तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बैंड द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। गणतंत्र दिवस का यह आयोजन देशभक्ति, अनुशासन और एकता का संदेश देगा।



# मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय को लेकर सीएम योगी सख्त
# 31 मई 2026 तक शैक्षणिक सत्र शुरू करने के निर्देश

**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के सलावा स्थित मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर 31 मई 2026 तक सत्र शुरू करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने पर जोर दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के सलावा स्थित प्रदेश के पहले मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 31 मई 2026 तक हर हाल में विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र शुरू किया जाए।

**खेलों में नई संस्कृति का हुआ विकास :** मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में खेलों को लेकर एक नई संस्कृति विकसित हुई है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और




सांसद खेल प्रतियोगिताओं ने खेलों को नई दिशा दी है।

**हर गांव और जिले में खेलों को मिलेगा बढ़ावा :** मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में हर गांव में ग्रामीण खेल लीग, विधायक खेल प्रतियोगिता और हर जिले में स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का सौभाग्य है कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर देश का पहला खेल विश्वविद्यालय मेरठ में बन रहा है। मेरठ बना खेल विश्वविद्यालय का केंद्र मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ क्रांति की धरती है और यहीं से ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टह्ण को मजबूती मिली, इसी वजह से खेल विश्वविद्यालय के लिए मेरठ का चयन किया गया। विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बनाने का लक्ष्य मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने का लक्ष्य देते हुए कहा कि यहां बेहतर फैकल्टी की तैनाती की जाए और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त किया जाए।

### 90 एकड़ से बढ़ाकर 100 एकड़ हुआ परिसर

खेल विश्वविद्यालय का निर्माण पहले 90 एकड़ में प्रस्तावित था, जिसे बढ़ाकर अब 100 एकड़ कर दिया गया है। पहले फेज में 230 करोड़ और दूसरे फेज में करीब 200 करोड़ रुपये के कार्य 31 मई तक पूरे किए जाएंगे।

### अगस्त में शुरू होंगे पहले कोर्स

मुख्यमंत्री ने बताया कि अगस्त में विश्वविद्यालय के पहले कोर्स शुरू हो चुके हैं और नए शैक्षणिक सत्र में यहीं पर नियमित कक्षाएं संचालित की जाएंगी। यहां 12 नियमित खेलों के डिप्लोमा और डिग्री पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

### सीएम योगी बोले–विकसित भारत की ओर मजबूत कदम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आने वाले समय में यह खेल विश्वविद्यालय खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने और विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा।

### हर कमिश्नरी में बनेगा एक स्पोर्ट्स कॉलेज

उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा और भविष्य में हर कमिश्नरी में एक–एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

# डोडा में सेना का वाहन खाई में गिरा 10 जवान शहीद, 10 घायल

**डोडा।** डोडा जिले में भद्रवाह-चंबा मार्ग पर सेना का वाहन 400 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में दस जवानों की जान चली गई जबकि 10 जख्मी हुए है। उन्हें उधमपुर सैन्य अस्पताल में ले जाया गया है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए सड़क हादसे में सेना के दस जवानों की जान चली गई जबकि 10 घायल हो गए। हादसा भद्रवाह-चंबा मार्ग पर खन्नी टॉप के पास हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सेना की टीम बृहस्पतिवार सुबह एक ऑपरेशनल ड्यूटी के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान खन्नीटॉप के पास दुर्गम और तीव्र मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर करीब 400 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में कुल 20 जवान सवार थे।

हादसे की सूचना मिलते ही सेना, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन



शुरू किया गया। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर ही 10 जवानों की जान चली गई 10 जवान घायल अवस्था में मिले।

घायलों को पहले उप जिला अस्पताल भद्रवाह ले जाया गया। जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें विशेष उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के कमांड अस्पताल भेजा गया है। हादसे पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि डोडा में हुए दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे में हमारे 10 वीर जवानों की जान चली गई।

इससे वह बेहद दुखी हैं। हम उनके उत्कृष्ट सेवा भाव और सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। उपराज्यपाल ने आगे कहा कि इस गहरे दुख की घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है।

# किसानों के बाद मजदूरों को निशाना बना रही भाजपा सरकार: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह गरीबों के काम के अधिकार यानी मनरेगा को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार मजदूरों के साथ वैसा ही व्यवहार कर रही है जैसा किसानों के साथ किया था। राहुल ने कहा कि भाजपा देश में राजा का शासन चाहती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधा है। मनरेगा बचाओ मोर्चा अभियान में उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत गरीब लोगों को काम करने का अधिकार मिला था, लेकिन अब भाजपा इस योजना को खत्म करना चाहती है। राहुल गांधी ने मनरेगा के मुद्दे पर सरकार की तुलना कृषि कानूनों से की।

**क्या बोले राहुल गांधी ?**

उन्होंने कहा कि सरकार मजदूरों के साथ वही करना चाहती है, जो उसने 'तीन काले कृषि कानूनों' के जरिए किसानों के साथ किया था। उन्होंने कहा कुछ साल पहले भाजपा ने किसानों पर आक्रमण किया था, लेकिन किसानों और हम सबने नरेंद्र मोदी पर दबाव डाल कर उसे रोक




दिया। अब उसी तरह का हमला मजदूरों पर करने की कोशिश हो रही है। राहुल ने कहा भाजपा एक ऐसा भारत बनाना चाहती है, जहां सिर्फ एक राजा ही सब कुछ तय करे।

**राहुल गांधी ने किया दावा :** दिल्ली की केंद्र सरकार निर्णय लेगी कि किस राज्य को कितना पैसा भेजा जाएगा। भाजपा शासित राज्य में ज्यादा पैसा जाएगा और विपक्ष शासित राज्य में कम पैसा जाएगा। केंद्र सरकार ही तय करेगी कि कब कहां काम होगा, किसको कितनी मजदूरी मिलेगी। जो अधिकार मजदूरों को मिलते थे, अब वह ठेकेदारों को मिलेंगे। भाजपा की विचारधारा है कि देश का धन, संपत्ति चुने हुए हाथों में हो और वही लोग इस देश को चलाएं। देश का पूरा धन अमीरों के हाथ में चला जाए, ताकि गरीब, दलित और आदिवासी लोग उनपर निर्भर हो जाएं।

### राहुल बोले भाजपा डरपोक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगे कहा कि भाजपा चाहती है कि देश से लोकतंत्र, संविधान और एक व्यक्ति–एक वोट का अवधारणा खत्म हो जाए। ये लोग आजादी से पहले वाला हिंदुस्तान फिर से लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा भाजपा वाले डरपोक लोग हैं, इन्हें रोकने के लिए हमें एक साथ खड़ा होना होगा। जिस दिन हम सभी साथ आ गए, उस दिन नरेंद्र मोदी को पीछे हटना पड़ेगा और मनरेगा फिर से बहाल हो जाएगा।

# ड्रीमलाइनर हादसे ने तोड़ा एअर इंडिया का टर्नअराउंड



**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की उम्मीदों और सिंगापुर एयरलाइंस के भरोसे पर चल रही एअर इंडिया अचानक गहरे भंवर में फंस गई है। खबर है कि एअरलाइन इतिहास के सबसे बड़े घाटे की ओर बढ़ रही है। सूत्रों के मुताबिक, 31 मार्च 2026 तक एअर इंडिया को 15,000 करोड़ (1.6 अरब डॉलर) का रिकॉर्डतोड़ नुकसान हो सकता है। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक बार फिर गहरे वित्तीय संकट में घिरती नजर आ रही है। पिछले साल अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे और भू-राजनीतिक तनावों के चलते एयरलाइन 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 1.6 अरब डॉलर (करीब 15,000 करोड़ रुपये) का घाटा दर्ज कर सकती है।

एअर इंडिया की इस हालत का सबसे बड़ा जिम्मेदार अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे को माना जा रहा है। जून में हुए उस दिल दहला देने वाले ड्रीमलाइनर क्रैश ने न सिर्फ 240 जिंदगियों को खत्म किया, बल्कि एयरलाइन की बरसों की साख को भी मटियामेट कर दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस एक हादसे ने एयरलाइन के 'टर्नअराउंड प्लान' की कमर तोड़ दी है।

### मुनाफे की उम्मीदों पर फिरा पानी

यह अनुमानित घाटा एअर इंडिया के लिए एक बड़ा यू-टर्न है क्योंकि जून में हुए ड्रीमलाइनर हादसे से पहले एयरलाइन मुनाफे की ओर बढ़ रही थी। एयरलाइन ने इस वित्त वर्ष में परिचालन ब्रेक-इवन हासिल करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन अब मुनाफा हासिल करना दूर की कौड़ी नजर आ रही है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, एअर इंडिया, जो टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम है, के लिए यह साल बेहद उथल-पुथल भरा रहा है। पिछले तीन वर्षों में एयरलाइन को कुल 32,210 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, और पिछले साल ही इसने 10,000 करोड़ रुपये की नई वित्तीय सहायता मांगी थी।

### दोहरी मार : विमान हादसा और एयरस्पेस प्रतिबंध

एयरलाइन की बैलेंस शीट पर सबसे गहरी चोट जून में हुए ड्रीमलाइनर क्रैश ने पहुंचाई, जिसमें 240 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इस हादसे ने एयरलाइन की उस प्रगति को मटियामेट कर दिया जो उसने वर्षों की मेहनत से हासिल की थी। इसके अलावा, भारत के साथ सैन्य झड़प के बाद पाकिस्तान द्वारा अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय एयरलाइनों के लिए बंद करने से भी एअर इंडिया की कमाई पर बुरा असर पड़ा है। इस प्रतिबंध के कारण यूरोप और अमेरिका के लिए उड़ानों को लंबे रूट से जाना पड़ रहा है, जिससे परिचालन लागत में भारी वृद्धि हुई है।

### बोर्ड की नाराजगी और नेतृत्व में बदलाव

बढ़ते घाटे और धीमी रिकवरी को देखते हुए एअर इंडिया का बोर्ड प्रबंधन के मौजूदा प्लान से नाखुश है। सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत एक नई पंचवर्षीय योजना, जिसमें केवल तीसरे वर्ष में मुनाफे का अनुमान लगाया गया था, को बोर्ड ने खारिज कर दिया है। बोर्ड ने टर्नअराउंड के लिए अधिक आक्रामक दृष्टिकोण की मांग की है। इस बीच, टाटा समूह ने मौजूदा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (उएड) कैंपबेल विल्सन की जगह लेने के लिए नए नेतृत्व की तलाश शुरू कर दी है, हालांकि यह खोज हादसे की जांच रिपोर्ट आने तक जारी रहने की संभावना है।

### सिंगापुर एयरलाइंस पर दबाव

एअर इंडिया का यह संकट उसके साझेदार सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड के लिए भी चिंता का विषय बन गया है। विस्तारा का एअर इंडिया में विलय होने के बाद सिंगापुर एयरलाइंस के पास अब इसमें 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एअर इंडिया के खराब प्रदर्शन का सीधा असर सिंगापुर एयरलाइंस की कमाई पर भी पड़ रहा है, भले ही वह पुनर्गठन योजना के तहत एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस को इन-हाउस लाने में एअर इंडिया की मदद कर रही है। भारतीय विमानन बाजार में एक प्रतिद्वंद्वी एयरलाइन द्वारा उड़ानों को बड़े पैमाने पर रद्द करने और हवाई यात्रियों में बढ़ी चिंता ने भी एअर इंडिया के लिए चुनौतियां बढ़ा दी हैं।

# शंकराचार्य–मेला प्रशासन विवाद गहराया, दूसरा नोटिस जारी

**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच चल रहा विवाद गहराता जा रहा है। मेला प्रशासन ने एक और नोटिस जारी कर अविमुक्तेश्वरानंद का मेला क्षेत्र में प्रवेश को हमेशा के लिए रोकने की चेतावनी दी है। यह नोटिस 18 जनवरी का ही बताया जा रहा है।



प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को दूसरा नोटिस जारी किया है। इसमें चेतावनी दी गई है कि मौनी अमावस्या पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न करने के प्रयास में क्यों न मेला क्षेत्र में उनका प्रवेश हमेशा के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाए। इसके लिए उन्हें 18 जनवरी को नोटिस जारी किया गया है और 24 घंटे में ही जवाब मांगा गया था। यह नोटिस अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर के पीछे वाले हिस्से पर चस्पा मिला। इस नोटिस की जानकारी तब हुई जब मेला प्रशासन के कर्मचारियों ने शिविर में आकर इसकी जानकारी दी। जब तक शंकराचार्य को इसकी जानकारी हुई तब तक तीन दिन बीत चुके थे। यह नोटिस अधिकृत हस्ताक्षरी के नाम से जारी किया गया है।

जबकि मेला पुलिस और प्रशासन द्वारा संगम क्षेत्र में किसी प्रकार के वाहन न ले जाने की उद्घोषणा बार-बार ध्वनि विस्तारक यंत्र और वायरलेस सेट से की जा रही थी। इस समय स्ननाार्थियों की काफी भीड़ थी। केवल पैदल आवागमन अनुमन्य था। उक्त क्षेत्र स्नानार्थियों के आवागमन एवं सुरक्षा के दृष्टिगत अत्यंत संवेदनशील था। आपके उक्त कृत्य के कारण मेला पुलिस और मेला प्रशासन को भीड़ प्रबंधन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आप द्वारा वाहन निषिद्ध क्षेत्र संगम नोज तक अपनी बग्घी लेकर जहां लाखों की संख्या में स्नानार्थी स्नान कर रहे थे। जाने का प्रयास किया गया। मना किए जाने पर आप द्वारा विवाद की स्थिति उत्पन्न की गई। आपके इस प्रकार प्रवेश से भगदड़ होने और उससे प्रबल जन हानि होने की संभावना से इनकार नहीं किय जा सकता था। आपको सूचित किया जाता है कि 24 घंटे की भीतर यह स्पष्ट करें की आपके उक्त कृत्य के कारण आपकी संस्था को दी जा रही भूमि एवं सुविधाओं को निरस्त कर आपको सदैव के लिए मेले में प्रवेश से क्यों न प्रतिबंधित कर दिया जाए।

### क्या लिखा है नोटिस में

प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अधिकृत हस्ताक्षरी के माध्यम से जारी किए गए नोटिस में लिखा है- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, बद्रिकाश्रम हिमालय सेवा शिविर माघ मेला। 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर आपात परिस्थितियों के लिए आरक्षित त्रिवेणी पांटून पुल नंबर दो लगे बैरियर को तोड़ते हुए संगम अपर मार्ग से बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बग्घी पर होकर आप द्वारा भीड़ के साथ जाया जा रहा था।

### भगदड़ की स्थित पैदा की गई

आपके उक्त कृत्य से मौनी अमावस्या पर माघ मेला की व्यवस्था छिन्न–भिन्न हुई। स्नान के लिए आ रहे लाखों स्नानार्थियों को सुरक्षित स्नान कराकर उन्हें वापस भेजने में दिक्कत हुई। मेला में आए जन मानस की सुरक्षा व्यवस्था को गंभीर खतरा भी उत्पन्न हुआ। इसके अलावा आप ने अपने आपको शंकराचार्य बताते हुए मेले में बोर्ड आदि लगाए हैं। जबकि आधिकारिक रूप से आपके शंकराचार्य होने पर सर्वोच्च न्यायालय से रोक है, जो सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में है।

# भाजपा शंकराचार्य का अपमान कर रही है: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शंकराचार्य का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां पूंजीवाद को बढ़ावा दे रही हैं और देश में गरीब और अमीर के बीच खाई बढ़ती जा रही है।



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शंकराचार्य का अपमान कर रही है। माघ मेले में स्नान करने को लेकर प्रशासन से हुए विवाद पर उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का पूरा सम्मान होना चाहिए। भाजपा अधर्म कर रही है। अखिलेश यादव लखनऊ में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जब भाजपा अपनी नीतियों से पूंजीवाद को बढ़ावा दे रही है और सांप्रदायिक एजेंडा चला रही है तो ऐसे समय में हम जनेश्वर मिश्र जी के समाजवादी आंदोलन को याद कर रहे हैं। भाजपा बड़े उद्योगपतियों और बड़े व्यापारियों का समर्थन करती है जिससे कि गरीब और अमीर के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। इस समय समाजवादी आंदोलन का महत्व और बढ जाता है।

उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का दाम नहीं मिल पा रहा है। सभी योजनाएं, कानून और कार्यक्रम पूंजीपतियों को बढ़ावा देने के लिए बनाए जा रहे हैं। ऐसे में हम जनेश्वर मिश्र, मुलायम सिंह यादव और अन्य हमारे समाजवादी नेताओं के आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं।

# ट्रंप समझ लें, भारत की अर्थव्यवस्था सुरक्षित: विदेश राज्यमंत्री

**गोंडा।** गोंडा पहुंचे विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि ट्रंप समझ लें... अमेरिकी टैरिफ से भारत को कोई बड़ा नुकसान नहीं होगा। उन्होंने विकसित भारत जी-राम-जी योजना के उद्देश्यों और उपलब्धियों पर भी चर्चा की।

यूपी के गोंडा में विकसित भारत जी-राम-जी जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया। इसमें हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह पहुंचे। उन्होंने विकसित भारत जी-राम-जी योजना के उद्देश्यों और उपलब्धियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि उसकी नीतियों या टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था को कोई बड़ा झटका लगेगा। आज पूरी दुनिया जान चुकी है कि भारत बेहद मजबूत स्थिति में है। किसी एक देश पर निर्भर नहीं है। यदि कोई ऐसा देश है जिस पर वैश्विक स्तर पर भरोसा किया



जाता है तो वह भारत है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर कब्जा करने की नीति नहीं अपनाई और न ही कभी आतंकी गतिविधियों में उसकी कोई भूमिका रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक वैश्विक नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं। उनकी नीतियों और नेतृत्व पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय भरोसा करता है। रूस-भारत-चीन (आरआईसी) संगठन के संदर्भ में उन्होंने कहा कि पहले दुनिया में बड़े देशों का बाइपोलर सिस्टम था, लेकिन अब वैश्विक व्यवस्था मल्टीपोलर हो चुकी है। इसमें भारत की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है।

### कई बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है

इस दौरान मंत्री ने गोंडा मेडिकल कॉलेज और महिला अस्पताल में सामने आई अव्यवस्थाओं को लेकर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट में कई गंभीर कमियां उजागर हुई हैं। इसकी जानकारी चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव को दे दी गई है। सीटी स्कैन सुविधा, गंदगी सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है। महिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में शीघ्र सुधार किया जाएगा।

### कानून व्यवस्था सर्वोपरि

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि व्यक्ति जितना ऊंचे पद पर पहुंचता है, उसकी जिम्मेदारी उतनी ही बढ़ जाती है। जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर घटना हुई, वहां पुराना नियम था कि केवल पैदल ही जाया जा सकता है, ऐसे में रथ ले जाना गलत था। उन्होंने आगे कहा कि कानून व्यवस्था सर्वोपरि है। कानून से ऊपर कोई भी व्यक्ति नहीं हो सकता।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ और जागरूकता गतिविधियों के निर्देश

**लखनऊ।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्कूलों व सरकारी दफ्तरों में शपथ और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में प्रदेशभर में 25 जनवरी 2026 को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ह्लमाई इंडिया, माई वोटह्व निर्धारित की गई है, जिसके अनुरूप स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में वाद-विवाद, परिचर्चा, निबंध, चित्रकला, गीत, नाटक (स्किट) जैसी




प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई हिन्दी एवं अंग्रेजी में राष्ट्रीय मतदाता शपथ विद्यार्थियों को दिलाई जाएगी, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को और सुदृढ़ किया जा सके।

इसके अतिरिक्त निर्देश दिए गए हैं कि राज्य के समस्त शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को 25 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे राष्ट्रीय मतदाता शपथ दिलाई जाए। चूंकि 25 जनवरी 2026 को साप्ताहिक अवकाश है, इसलिए आयोग के निदेर्शानुसार 24 जनवरी अथवा 23 जनवरी 2026 को भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान के महत्व को दशार्ने वाले आधिकारिक लोगो का उपयोग विभागीय स्टेशनरी, वेबसाइट, मर्चेंडाइज एवं अन्य माध्यमों पर करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के फोटोग्राफ्स को #NVD2026 हैशटैग के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स अथवा वेबसाइट पर अपलोड करने का भी आग्रह किया गया है।

समस्त अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, सचिवों, मंडलायुक्तों, विभागाध्यक्षों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से अपेक्षा की गई है।

# एक साथ बदले 41 जिलों के प्रभारी सचिव, सरकार का बड़ा फैसला

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सभी 41 जिलों के प्रभारी सचिव बदल दिए हैं। प्रशासनिक सुधार विभाग ने गुरुवार को इसके आदेश जारी किए। इस फेरबदल में दो एपीओ चल रहे आईएएस अधिकारियों को भी जिले की जिम्मेदारी दी गई है, जो चचाओं में है। साथ ही संभागीय आयुक्तों को भी जिला प्रभारी सचिव बनाया गया है। जयपुर, जोधपुर सहित कई जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राज्य सरकार ने एक साथ सभी 41 जिलों के प्रभारी सचिव बदल दिए हैं। प्रशासनिक सुधार विभाग ने गुरुवार को नए सिरे से प्रभारी सचिवों की नियुक्ति के आदेश जारी किए। इससे पहले 28 फरवरी 2024 को प्रभारी सचिवों में बदलाव किया गया था।



इसके बाद यह पहली बार है जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में जिलों के प्रभारी सचिव बदले गए हैं। इस फेरबदल में दो एपीओ चल रहे आईएएस अधिकारियों को भी प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। एपीओ पीसी किशन को दौसा और खजान सिंह को सलूंबर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। पोस्टिंग से पहले एपीओ अधिकारियों को जिले की जिम्मेदारी सौंपे जाने यह मामला चचाओं में है, क्योंकि प्रक्रियागत रूप से सरकार पहले आईएएस को पोस्टिंग देती है और उसके बाद इस तरह की दूसरी जिम्मेदारियां दी जाती है। इसके साथ ही संभागीय आयुक्तों को भी जिलों के प्रभारी सचिव का दायित्व सौंपा गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री ए. राठौड़ को जयपुर और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव भवानी सिंह देथा को जोधपुर का प्रभारी सचिव बनाया गया है। खेल एवं युवा मामलों के सचिव नीरज के. पवन को अजमेर, सहकारिता रजिस्ट्रार आनंदी को भरतपुर और यूडीएच के प्रमुख सचिव देवाशीष पृष्टि को बीकानेर का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## शंकराचार्य विवाद पर बोले महंत नारायण गिरी

# योगी जी पीएम पद के दावेदार बड़े लेवल पर की जा रही है साजिश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पालकी में शंकराचार्य को रोका गया और वो धरने पर बैठ गये। इसके बाद से ही लगातार शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद धरने पर बैठ गये। लोगों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब स्वयं एक संत मुख्यमंत्री के आसन पर विराजमान हैं तो फिर ऐसा क्यों हुआ कि दूसरे शंकराचार्य को पुलिस ने रोक दिया और वो नाराज होकर धरने पर बैठ गये। इस मुददे पर करंट क्राइम ने जब भाजपा के कैबिनेट मंत्री से बात की तो उनहोंने कहा कि इसमें सरकार की कोई गलती नहीं है। किसी स्तर पर कोई गलतफहमी हुई है। लोकसभा सांसद ने भी अपनी बात इस विषय पर रखी। दैनिक करंट क्राइम ने इस विषय पर धर्म गुरू से ही बात की, उनसे उनकी राय जानी। दैनिक करंट क्राइम ने सिद्ध पीठ दुधेश्वरनाथ मठ मंदिन के महंत नारायण गिरी से बात की। महंत नारायण गिरी ने कहा कि योगी जी स्वयं पीएम पद के दावेदार हैं और ऐसा लगता है कि उनको बदनाम करने की साजिश बड़े स्तर पर हो रही है।

शंकराचार्य विवाद पर बोलते हुए महंत नारायण गिरी ने कहा कि सबसे पहली बात तो ये है कि पुलिस प्रशासन को धर्म और आस्थाओं के मुददे पर साधुओं से नहीं उलझना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सबसे पहली बात ये है कि संतों का सम्मान होना चाहिए और संवेदन शील मुददों पर अधिकारी संयम बरतें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में साधु या संत का अपमान हो ही नहीं सकता, क्योंकि लगातार दूसरी बार जनता ने उत्तर प्रदेश सरकार चलाने की जिम्मेदारी योगी आदित्यनाथ को सौंपी है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात ये है कि मुख्यमंत्री खुद भी पीठाधीश्वर हैं और मेरा ये मानना है कि इन सबके पीछे कोई षडयंत्र है। उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित षडयंत्र के तहत कुछ ताकतें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बदनाम करने की साजिश कर रही हैं। वो प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं। उन्होंने कहा कि पालकी से जाने का विवाद ही क्यों हुआ।

महंत नारायण गिरी ने कहा कि हमारे लिये शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद तथा योगी आदित्यनाथ दोनों ही पूजनीय हैं। उन्होंने कहा कि गलती अधिकारियों की है और एक बार फिर इस बात को दोहराना चाहता हूं कि अभी भी सपा-बसपा मानसिकता के अधिकारी अपना काम कर रहे हैं। महंत नारायण गिरी ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को मैं संत मानता हूं। हमारे लिये वो पूजनीय हैं और एक बार फिर दोहरा दूं कि कोई विवाद नहीं है केवल मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश है।

# फरवरी के महीने में पर्यवेक्षक करेंगे आकर संगठन पदों पर चर्चा

## 6 फरवरी के बाद बनेगी नामों को लेकर कोई भूमिका



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के बारे में ये कहा जाता है कि यहां सतत काम चलता है और संगठन 12 महीने चुनाव ही लड़ता है। चुनाव की तैयारियां चल रही है। भाजपा अपनी कार्यकर्ताओं वाली बैठक में पहले ही एलान कर चुकी है कि बूथ से लेकर यूथ तक पूरी टीम 2027 में भाजपा को मजबूत करने की एक कवायद में जुटी है। टीम का इंतजार हो रहा है और अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। अब तो राष्ट्रीय अध्यक्ष भी घोषित हो गये और प्रदेश अध्यक्ष भी घोषित हो गये। जिले और महानगर के अध्यक्ष भी घोषित हो चुके है। लेकिन सभी को इंतजार इस बात का है कि जिले और महानगर में उपाध्यक्ष, मंत्री से लेकर मोर्चा और प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की घोषणा कब होगी। सब जानते हैं कि भाजपा में पदों का अपना एक सिस्टम है और पार्टी इसे उसी फ्रेम वर्क में लेकर चलती है। यहां पर बूथ अध्यक्ष की नेम प्लेट लगाने भी उस बूथ क्षेत्र में रह रहे जनप्रतिनिधि जाते हैं, घर पर ढोल बजता है। मंडल अध्यक्ष के पद के लिए कैबिनेट स्तर के मंत्री डेरा डाल देते हैं। जब महानगर और जिले की टीम घोषित होगी तो सीन कुछ ऐसा ही रहेगा। ऐसा तो ठीक है लेकिन कब तक रहेगा ये जानने की इच्छा सभी कार्यकर्ताओं में हैं। इस रेस के प्रमुख फेस भी अपने अपने नामों को लेकर सभी आश्वस्त होना चाहते हैं। सूत्र बताते हैं कि संगठन के लिहाज से सीन 6 फरवरी के बाद ही बनेगा। संगठन का मुहुर्त इसी तारीख को इंडीगेड कर रहा है। माना जा रहा है कि 6 फरवरी के बाद संगठन के नामों पर चर्चा होगी। इसका कारण भी एसआईआर अभियान 2 बताया जा रहा है। एसआईआर अभियान 2 चल रहा है और 6 फरवरी को ये अभियान समाप्त होगा। कई प्रमुख कार्यकर्ताओं को संगठन द्वारा इस अभियान में लगाया गया है। इस अभियान के समाप्त होने के बाद ही संगठन की टीम पर चर्चा होगी। ये चर्चा होगी कि कौन महानगर की टीम में उपाध्यक्ष होगा, कौन जिले की टीम में उपाध्यक्ष होगा, कौन महानगर मंत्री बनेगा और कौन महानगर कार्यकारिणी में जायेगा। इसके बाद से ही टीम घोषित होने की संभावनायें बढ़ जायेंगी। भाजपा के रूल के अनुसान पहले यहां पार्टी द्वारा नियुक्त किये गये पर्यवेक्षक आयेंगे। पर्यवेक्षक यहां बैठक करेंगे, नामों पर समीक्षा करेंगे और वो यहां से नामों के अपने साथ लेकर जायेंगे और इसके बाद फिर लखनऊ से पैगाम आयेगा। बताया जाता है कि पर्यवेक्षकों के आने की भूमिका तैयार हो चुकी है। जल्द ही पर्यवेक्षक सूचि के नाम भी बाहर आ जायेंगे। इसके बाद पर्यवेक्षक गाजियाबाद आयेंगे। और फिर यहां से नामों के लखनऊ जाने के बाद टीम के नाम घोषित हो जायेंगे।

# शंकराचार्य ऐसा कर ही नहीं सकते : अतुल गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पालकी विवाद के बाद नाराज होकर धरने पर बैठ गये। शंकराचार्य धरने पर हैं और इस विषय पर उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने करंट क्राइम के साथ बातचीत में कहा था कि कहीं ना कहीं कोई गलतफहमी है। वो स्वयं साधु, संत और सनातन में आस्था रखते हें। उन्होंने कहा था कि ये कहीं ना कहीं ये अधिकारियों की कार्यशैली से हुआ है। उत्तरप्रदेश सरकार साधुओं का सम्मान करती है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने गुरूवार को कहा कि शंकराचार्य ऐसा कर ही नहीं सकते। सांसद अतुल गर्ग मुददों की गहराई समझते हैं और वो अपनी बातों में एक संदेश देते हैं। गुरूवार को भी नपे तुले शब्दों में सांसद अतुल गर्ग ने इस मुददे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कोई साधु , संत कभी भी अनुशासन को तोड़ने की बात ही नहीं करेगा। साधु-संतों का जीवन बेहद अनुशासित होता है। और मेरा मानना है कि शंकाचार्य जैसे पद पर विभूषित कोई भी व्यक्ति ऐसा कर ही नहीं सकता। साधु संत हमेशा प्रशासन के दिशा-निर्देशों को मानते हैं। सांसद



अतुल गर्ग ने कहा कि जरूर कोई बड़ी गलतफहमी हुई होगी। क्योंकि शंकराचार्य ऐसा नहीं कर सकते। उनका आचरण बेहद मर्यादित होता है, उनका जीवन कठोर अनुशासन में रहता है।

## एसआईआर की कहानी में है ये सबसे बड़ा ट्विस्ट

# बिहार वाले रहेंगे यहीं पर और वोट हो गया बिहार में शिफ्ट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान को लेकर सबसे ज्यादा मेहनत भाजपा में हो रही है। उसके कार्यकर्ता बूथ पर है उसके जनप्रतिनिधि जुटे हुए हैं और जो भाजपा जोर शोर से एसआईआर अभियान को लेकर चली थी। वो भाजपा केवल इसलिए हांफ गई क्योंकि जो उसके केडर मतदाता थे उन्होंने फार्म तो लिया लेकिन फार्म भरकर लौटाने में रूचि नहीं दिखाई। इसके बाद भाजपा एसआईआर अभियान 2 यानी फार्म 6 के सहारे इस डैमेज को कंट्रोल कर रही है।

यहां पर एक बड़ा फैक्टर एएसडी का भी रहा। एएसडी यानी ऐबसेंट, शिफ्ट और डेथ। यहां सबसे ज्यादा झटका साहिबाबाद विधानसभा में लगा है। साहिबाबाद विधानसभा में शिफ्टिंग का ट्विस्ट आ गया है। बताया जाता है कि यहां मूल लगाव फूल वालों के लिए भारी पड़ा है। यहां एक अनुमान के अनुसार एएसडी में अगर चार लाख वोट कैंसिल हुई हैं तो इनमें से दो लाख वोट ऐसी हैं जो रह तो यहीं रही हैं लेकिन वो वोटर लिस्ट से आउट हो गई हैं। उनके पास दस्तावेज भी हैं, वो वैध तरीके से रह भी रहे हैं। लेकिन यहां बड़ा झटका जो लगा है वो ये है कि इन प्रवासी मतदाताओं का मूल लगाव अपने मूल निवास स्थान से रहा है। उन्होंने बिहार में वोटर लिस्ट में अपना नाम नहीं कटवाया है और इसके लिए उन्होंने यहां की वोटर लिस्ट से अपना नाम कटना स्वीकार कर लिया है। शिफ्टिंग का ये ट्विस्ट लगभग हाफ वाला आंकड़ा लिये हुए है।

एक अनुमान के अनुसार मतदाता सूची से अगर चार लाख वोट घटे हैं तो इनमें से दो लाख वोट ऐसे हैं जो आबादी में शामिल हैं मगर मतदाता सूची में शामिल नहीं है। ये दो लाख वोट यहीं रह रहे हैं और उनका ये मानना है कि वोट देने तो अपने पैत्रक निवास स्थान पर ही जायेंगे। ऐसी बड़ी संख्या उन मतदाताओं की है जिनका बिहार और पूर्वांचल में है। अभी तक ये मतदाता दोनों स्थानों पर अपना नाम मतदाता सूची में रखते थे। लेकिन एसआईआर अभियान आने के बाद इन मतदाताओं ने अपने मूल स्थान को प्राथमिकता दी है और इस वजह से यहां भी एक ट्विस्ट आया है।

# विधायक और बिल्डर से शमशान घाट की भूमि बचाने को लेकर मंडल अध्यक्ष ने किया ऐलान

## डीएम को लिखा पत्र और कहा 50 लाख के कराये हैं मैंने पार्षद रहते हुए काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम क्षेत्र में शमशान घाट की भूमि पर इन दिनों ताला लगने के बादल मंडरा रहे हैं। भाजपा वाले ही बता रहे हैं कि यहां पर किसी दूसरे जिले के भाजपा विधायक को प्लॉट आवंटित हुआ है।

विधायक जी को इंदिरापुरम में शमशान घाट के पास ही प्लॉट आवंटित हुआ। अब कहानी में टविस्ट ये है कि दूसरे जिले के विधायक चाहते हैं कि शमशान घाट को हटाकर किसी दूसरी जगह शिफ़्ट कर दो। विधायक जी ने शमशान घाट को ही हटाने के लिए मुख्यमंत्री को लैटर लिख दिया। सूत्र बताते हैं कि विधायक जी के साथ एक बिल्डर भी इसी जुगाड़ मे है कि ये शमशान घाट किसी तरह से हट जाये। वहीं क्षेत्र के लोग इस शमशानघाट को लेकर अब आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।




उनका कहना है कि कोरोना काल में इसी शमशानघाट में यहां के मृत लोगों को दाह संस्कार के लिए स्थान मिला था। एक बहुत बड़ी आबादी के लिए ये एक मात्र शमशानघाट है।

लिहाजा इसे यहां से कहीं भी शिफ्ट नहीं होने दिया जायेगा। दैनिक करंट क्राइम ने इस बात को पहले भी प्रकाशित किया था। दैनिक करंट क्राइम मे समाचार प्रकाशित होने के बाद अब कहानी में मोड आ गया है। और अब इस क्षेत्र की पार्षद रहीं तथा वर्तमान में मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता शमशान घाट को बचाने के लिए आगे आयी हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखा और बताया कि ये शमशानघाट पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास हो रहा है। मंडल अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद मंजूला गुप्ता ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि लगभग 40 वर्ष से ये शमशानघाट यहां बना हुआ है। नियमित रूप से इसमें शवों का दाह संस्कार होता है। यह शमशान घाट नगर निगम और जीडीए का है, और यहां बिजली, पानी तथा अन्य व्यवस्था के लिए कार्य होता है। मंजूला गुप्ता ने अपने पत्र में लिखा है कि लगभग 6 लाख की आबादी पर ये शमशान घाट है और 8 किलोमीटर की दूरी पर कोई शमशानघाट नहीं है। मंजूला गुप्ता ने अपने पत्र में कुछ भूमाफियाओं का जिक्र किया है और ये बताया है कि मैंने पार्षद रहते हुए इस शमशानघाट में 50 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य कराये और इसका सौंदर्यकरण कराया है।


नदिया के उस पार मच रहा है शमशान घाट को लेकर घमासान
किस विधायक के प्लॉट ने कर दिया पार्षदों को भी लामबंद



ये क्षेत्र की एक बड़ी आबादी के लिए है और इस शमशानघाट को भूमाफियाओं से बचाया जाना जरूरी है।

# दो दिन में मेयर के आये दो बड़े बयान, क्या दे दिया सबको साथ लेकर चलने का पैगाम









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेयर का पद निगम के सदन के मुखिया का पद होता है ये शहर विकास की एक प्रमुख कड़ी का पद होता है। भाजपा के लिए ये पद इसलिए भी अहम है कि नगर निगम के गठन से लेकर आज तक मेयर की कुर्सी भाजपा के पास रही है।

स्वर्गीय डीसी गर्ग लगातार दो बार नगर निगम के मेयर रहे हैं। दमयंती गोयल निगम की मेयर रही हैं और उनके बाद स्वर्गीय तेलूराम काम्बोज का मेयर चुनाव जीतना तो एक रोचक मैच की तरह था। जब समाजवादियों ने ढोल बजाने शुरू कर दिये थे और मिठाई खिलाने वाला पोज शुरू हो गया था तब भाजपाई सरकारी स्कूल के गेट पर अड़ गये थे।

तत्कालीन समाजवादी सरकार से आधी रात में लड़ गये थे। रात को ढाई बजे मेयर चुनाव की जीत हासिल करने के बाद ही भाजपाई मतगणना स्थल से लौटे थे। मेयर मेयर चुनाव में भाजपा हमेशा से जीत हासिल करती आई है और अब तोमेयर कार्यकाल की बात ही कुछ और है। लगातार केन्द्र में भाजपा की सरकार है। यूपी में दूसरी बार भाजपा सरकार रिपीट हुई है। और लगातार निगम में मेयर की कुर्सी पर भाजपा काबिज है। मगर हाउस टैक्स को लेकर भाजपा के पार्षद धरने पर बैठ गये, भाजपा के विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख दिया। भाजपा के पार्षद लखनऊ टूर पर चले गये। ऐसे में ये सवाल लगातार उठ रहा था कि क्या भाजपा की एक लॉबी मेयर से अलग चल रही है।

मेयर सुनीता दयाल भाजपा की मूल कार्यकर्ता हैं, वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं और वो प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। वो विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुकी हैं और वर्तमान में मेयर हैं। मेयर के अंदाज में अब चेंज आया तो पूरा गेम ही चेंज होता दिखाई दे रहा है। मेयर के दो बयानों ने सबको हैरान किया है और इन बयानों को एक तरह से एलान ए जंग भी माना जा रहा है। दो दिन में दो बयान आये और फिर भगवा स्टोरी में ट्विस्ट आने लगा। ये कहा जा रहा था कि जनप्रतिनिधियों के बीच कहीं ना कहीं टयूनिंग एरर है और जनप्रतिनिधियों के बीच अगर मजबूत टयूनिंग होती है तो ये स्वस्थ राजनीति की पहचान है और अगर जनप्रतिनिधियों के बीच मजबूत टयूनिंग है तो फिर राजनीति मजबूत रहती है। राजनीति में अगर जनप्रतिनिधियों के बीच किसी भी स्तर पर दूरी बनती है तो फिर इसका असर कार्यकर्ताओं पर पड़ता है। विकास कार्यों में बाधा आने लगती है। क्योंकि जब एक कार्यकर्ता दूसरे जनप्रतिनिधि के पास जाता है तो वो जनप्रतिनिधि देखते ही कहते हैं कि आप तो सांसद के पास जाओ वहां से समाधान होगा, आप तो उन वाले विधायक जी के पास जाओ वहां समाधानहोगा। ये समस्या मेरे पास क्यों ले आये ये तो नगर निगम का काम है और आप अपने पार्षद से कहो, मेयर से कहो।

कुल मिलाकर सार ये है कि जब अलग अलग राहें होगीं और जनता के आदमी को रास्ता भी जनप्रतिनिधि बतायेंगे तो फिर सियासत का वजूद सस्ता होने लगता है। हाउस टैक्स मुददे के बाद अब ऐसा लगता है कि चीजें बेहतर होने लगी हैं और चीजों में सुधार का सिलसिला शुरू हुआ है। शुरूआत मेयर खेमे से हुई है और तारीफ का पहला शब्द भी वहीं से निकला है। जब लोग किसी विकास को लेकर मेयर के पास पहुंचे और धन्यवाद किया तो मेयर ने कहा कि अपने विधायक की तारीफ करो, उन्हीं के प्रयासों से ये काम हुआ है। और आगे बढ़कर ये कहा कि चुनाव में पूरी तरह से विधायक के साथ रहना है। कहानी में दूसरा ट्विस्ट मेयर के टैक्स वाले बयान के बाद आया। सीधे सीधे एलान कर दिया कि पुरानी दरों पर टैक्स जमा होगा। अब मेयर के बयानों के बाद एक सुखद अहसास ये होने लगा है कि यहां पर भाजपा परिवार एकजुट होगा।

अगर कहीं कुछ गिले शिकवे हैं तो भी भाजपा परिवार की एकजुटता के सामने ब्यूरोक्रेट की ताकत का संतुलन बना रहेगा। इसके बाद यहां विधायकों को भी ऑक्सीजन मिली है। उन्हें ये लग रहा है कि कोई तो है जो हमारे विकास कार्यों का श्रेय हमें ही दे रहा है। लगातार दो बयान और इसके बाद मेयर टैक्स वाले गेम को फाईनल करती दिखाई दे रही हैं। मेयर के ये दोनों बयान ही भगवागढ़ की राजनीतिक सियासत में बेहद रोचक मोड ला रहे हैं।

### क्या दिखाई देगी फरवरी के महीने में लंच या डिनर डिप्लोमेसी

**करंट क्राइम।** मेयर का अंदाज अचानक से नरम हो गया है। राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता है और मेयर सुनीता दयाल तो वैसे भी राजनीति की पुरानी खिलाड़ी हैं। उनके अंदाज से केवल भाजपा ही नहीं बल्कि निगम का पूरा दस्ता भी हैरान है। सबसे पहले उन्होंने इस बार विधायकों को फोन किये और उनसे पूछा कि आपके क्षेत्र में ऐसे कौन से विकास कार्य हैं जो नगर निगम से होने हैं और हुए नहीं हैं। फिर उन्होंने उन कार्यों की लिस्ट बनाई। इसके बाद मेयर सुनीता दयाल ने गोविन्दपुरम के लोगों को एक मुस्कुराने का मौका दिया। जब उन्होंने विकास कार्यों का पूरा क्रेडिट मुरादनगर विधायक को दिया। लोगों से कहा कि उन्हें थैंक्स बोलों और चुनाव में उनकी जीत की कामना की। उसके बाद मेयर ने शुक्रवार को जून की बैठक का हवाला दिया और साफ कहा कि हाउस टैक्स पुरानी दर से वसूला जायेगा, कोई नयी दर लागू नहीं की जायेगी। मेयर के ये दो अंदाज के बाद अब ये चर्चा उठने लगी है कि क्या मेयर अब लंच या डिनर डिप्लोमेसी की ओर कदम बढ़ायेंगी। बहुत दिनों से वैसे भी भाजपा के जनप्रतिनिधि किसी लंच या डिनर की टैबल पर बैठे भी नहीं है। एक अरसे पहले दिल्ली में जनरली वो एक ऐसी ही बैठक में गये थे और राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बुलाया था और उसके बाद कोई ऐसा मौका भी नहीं आया कि सांसद, एमएलसी या विधायक सबको एक साथ बिठाते। मेयर के इस बदले अंदाज के बाद ये अंदाजा लगाया जा रहा है फरवरी में मेयर लंच या डिनर पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सकती हैं। ये एक मौका होगा जब सभी जनप्रतिनिधि एक साथ होंगे तो एकजुटता को कोई संदेश भी यहीं ये निकल आयेगा।

## संपादकीय

# आपदा प्रबंधन में अग्निवीर

सेना में अग्निवीर योजना के क्रियान्वयन के वक्त इनकी अल्पकालिक सेवा और सेवानिवृत्ति के बाद उनके भविष्य को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। लेकिन अब धीरे-धीरे कई आशंकाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। प्रशिक्षित अग्निवीरों के लिये नये-नये अवसर बन रहे हैं। हाल ही में हरियाणा सरकार ने राज्य में गठित होने जा रही डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स में अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। यह सुखद ही है कि अग्निपथ योजना के पहले बैच के सेवा काल की समाप्ति से पहले हरियाणा सरकार ने उनके समायोजन की पहल की है, जिसका अनुकरण देश के अन्य राज्यों को भी करना चाहिए। जिससे इस कुशल-प्रशिक्षित युवा शक्ति की ऊर्जा के बेहतर इस्तेमाल की पहल हो सके। दरअसल, हरियाणा में स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स में अग्निवीरों को वरीयता देने की बात कही गई है। निश्चय ही इस कदम से जहां अग्निवीरों की नई पीढ़ी सामने आएगी, वहीं राज्य को इनके कुशल प्रशिक्षण का लाभ मिल सकेगा। यह भी हकीकत है कि बदलते वक्त के साथ आपदाओं की पुनरावृत्ति व घातकता बढ़ रही है, उससे जूझने के लिये भी अनुभवी व प्रशिक्षित बल की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। जो एक स्थायी, पेशेवर और पूर्णकालिक बल के जरिये ही संभव हो सकता है। दरअसल, हरियाणा में सरकार ने भरोसा दिलाया है कि राज्य में गठित होने वाली एसडीआरएफ बटालियन में अधिकतम संख्या अग्निवीरों की ही होगी। विश्वास किया जा रहा है कि अग्निवीरों वाली एसडीआरएफ प्राकृतिक आपदाओं मसलन बाढ़, भूकंप, औद्योगिक दुर्घटनाओं, अग्निकांडों व रासायनिक आपदाओं की चुनौती का सफलता से मुकाबला कर सकेगी। माना जा रहा है कि अग्निवीरों को मिला कठोर प्रशिक्षण आपातकालीन स्थितियों से मुकाबले में मददगार साबित होगा। दरअसल, ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थितियों में तीव्र गति से कार्रवाई करते नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की प्राथमिकता होती है। जो प्रशिक्षित और अनुभवी टीम के द्वारा ही संभव हो सकता है। कहा जा रहा है कि राज्य की सभी डिविजनों में क्विक रिस्पॉन्स टीम तैनात की जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में उत्तर प्रदेश में नोएडा में धुंध के चलते हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवा इंजीनियर की मौत हुई। बेटे को मौत के मुंह में समाते देख असहाय पिता ने पुलिस से मदद मांगी। लेकिन मदद के लिये पहुंची टीम के पास इस चुनौती का मुकाबला करने के लिये जरूरी उपकरण व अनुभव नहीं था। ऐसे में युवा इंजीनियर ने पिता के सामने ही डूबकर दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद तमाम लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद आपदा राहत बल को प्रशिक्षित करने और जीवन रक्षा के तमाम उपकरण उपलब्ध कराने की जरूरत महसूस की जा रही है। ऐसे में हरियाणा में एसडीआरएफ बटालियन के गठन और उसमें प्रशिक्षित व अनुभवी अग्निवीरों की तैनाती की घोषणा के बाद उम्मीद जगी है।

# सेंसेक्स 82 हजार के पार, निफ्टी 25,289 पर बंद



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 397.74 अंक उछलकर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 132.40 अंक की बढ़त के साथ 25,289.90 पर बंद हुआ।

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ग्रीनलैंड पर सुलह का रुख अपनाने के बाद वैश्विक बाजारों में आई तेजी के चलते बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को तीन सत्रों की गिरावट के बाद उछाल आया।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 397.74 अंक या 0.49 प्रतिशत चढ़कर 82,307.37 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क 873.55 अंक या 1.06 प्रतिशत बढ़कर 82,783.18 के अंतर्देशीय उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 132.40 अंक या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 25,289.90 पर पहुंच गया। इंट्राडे सत्र में, सूचकांक 278.25 अंक या 1.10 प्रतिशत बढ़कर 25,435.75 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। गुरुवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से मामूली रूप से उबरते हुए 3 पैसे बढ़कर 91.62 (अस्थायी) पर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बंद हुआ। भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी का बाजार पर दिखा सकारात्मक असर लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट गौरव गर्ग ने कहा कि वैश्विक सकारात्मक संकेतों और भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी के चलते भारतीय शेयर बाजार

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स के 30 घटकों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा स्टील, अदानी पोर्ट्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, सन फार्मास्यूटिकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एनटीपीसी लाभ कमाने वाले शेयर थे। दूसरी ओर, इटरनल, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और एचडीएफसी बैंक पिछड़ने वालों में शामिल थे।

# कीमती धातुओं की रिकॉर्ड रैली पर ब्रेक गोल्ड—सिल्वर ETF 15% तक टूटे



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं की रिकॉर्ड तोड़ रैली पर गुरुवार को अचानक ब्रेक लग गया। दावोस में विश्व आर्थिक मंच की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भाषण के बाद ग्रीनलैंड को लेकर जारी भू-राजनीतिक तनाव कम होने के संकेतों और डॉलर में लौटी मजबूती के चलते निवेशकों ने सुरक्षित निवेश से कदम पीछे खींच लिए हैं। पूरी दुनिया में हुई इस बिकवाली का सीधा असर भारतीय बाजारों पर भी देखने को मिला। 22 जनवरी 2026 को गोल्ड और सिल्वर एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स में

### घरेलू बाजार में सोने-चांदी की कीमत

देश के घरेलू बाजार में एमसीएक्स पर बुधवार को सोने और चांदी में मिला-जुला रुख रहा। एमसीएक्स गोल्ड 2,551 रुपये या 1.69% की तेजी के साथ 1,53,116 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सोने ने 1,58,475 रुपये का नया रिकॉर्ड स्तर भी छुआ। एमसीएक्स सिल्वर 7,171 रुपये या 2.22% टूटकर 3,16,501 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। चांदी ने सत्र के दौरान 3,35,521 रुपये प्रति किलो का नया लाइफटाइम हाई छुआ था।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरे सोने-चांदी के दाम

तीन दिन की तेजी के बाद सोना करीब एक प्रतिशत तक फिसला, जबकि चांदी भी रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आई। स्पॉट गोल्ड 0.8% गिरकर 4,799.79 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि पिछले सत्र में यह 4,887.82 डॉलर के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा था। फरवरी डिलीवरी के लिए अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 0.6% गिरकर 4,806.60 डॉलर प्रति औंस रहे। वहीं स्पॉट सिल्वर 0.9% की गिरावट के साथ 92.38 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जबकि मंगलवार को यह 95.87 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर थी।

# यात्री और माल ढुलाई में भारत टॉप-5, चांगी एयरपोर्ट ने जारी किए आंकड़े



**नईदिल्ली।** सिंगापुर के मशहूर चांगी एयरपोर्ट ने अपने ताजा आंकड़ें जारी किए हैं, जिसमें भारत का जलवा साफ दिख रहा है। पैसेंजर ट्रैफिक और कार्गो, दोनों ही मामलों में भारत टॉप 5 देशों में शामिल हो गया है। सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट के लिए भारत एक बेहद अहम बाजार बनकर उभरा है। गुरुवार को एयरपोर्ट ऑपरेटर, चांगी एयरपोर्ट ग्रुप (उअऋ) की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत पैसेंजर ट्रैफिक और कार्गो वॉल्यूम, दोनों ही मामलों में टॉप पांच देशों में शामिल है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पिछले साल विजयवाड़ा को एक नए डेस्टिनेशन के तौर पर जोड़ा गया है।

एयरपोर्ट ने तोड़े रिकॉर्ड, दिसंबर रहा सबसे व्यस्त आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 का महीना एयरपोर्ट के लिए साल का सबसे व्यस्त महीना रहा, जिसमें 63 लाख यात्रियों ने सफर किया। वहीं, 20 दिसंबर यानी क्रिसमस से ठीक पहले वाला शनिवार साल का सबसे व्यस्त दिन था, जब 2 लाख 23 हजार से ज्यादा यात्रियों ने चांगी के टर्मिनलों का इस्तेमाल किया।

### यात्रियों की आवाजाही में भारत टॉप 5 में

चांगी एयरपोर्ट ग्रुप ने बताया कि साल 2025 में एयरपोर्ट पर 6.99 करोड़ यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई, जो 2024 के मुकाबले 3.4 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान एयरपोर्ट के लिए पांच सबसे बड़े पैसेंजर बाजार चीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और भारत रहे। एयरपोर्ट ने 2025 में अपने नेटवर्क में 13 नए शहरों को जोड़ा, जिसमें भारत का विजयवाड़ा भी शामिल है। अब चांगी एयरपोर्ट से करीब 100 एयरलाइंस 50 देशों के 170 से ज्यादा शहरों के लिए उड़ानें भरती हैं।

### माल ढुलाई में भी भारत ने दिखाया दम

सिर्फ यात्री ही नहीं, बल्कि माल ढुलाई (एयरफ्रेट) के मामले में भी भारत चांगी एयरपोर्ट के लिए एक प्रमुख बाजार है। साल 2025 में एयरपोर्ट ने कुल 20.8 लाख टन माल संभाला, जो पिछले साल से 4.5 प्रतिशत अधिक है। यह चांगी एयरपोर्ट के इतिहास के सबसे बेहतरीन कार्गो प्रदर्शनों में से एक है। चांगी के टॉप पांच एयर कार्गो बाजारों में चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, हांगकांग और भारत शामिल हैं। सालाना आधार पर विमानों की आवाजाही (लैंडिंग और टेक-ऑफ) में 2.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके साथ ही कुल उड़ानों की संख्या बढ़कर 3,74,000 हो गई है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यह अभी भी हर साल 35-55 किलोग्राम अंगूर और 100 बोतलों (250 एमएल प्रत्येक) का उत्पादन करती है।
- अंगूर दिल के दौरे के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं क्योंकि वे खून में नाइट्रिक एसिड के स्तर में वृद्धि करते हैं जो रक्त के थक्कों को रोकता है।
- अंगूर फ्रूट के मीठे और खट्टे स्वाद आपके मनोदशा को दुरुस्त करते हैं और आपको तनाव और अवसाद मुक्त बनाते है।
- क्या आप जानते हैं? नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि कॉनकॉर्ड के रूप में जाने जाने वाले बैंगनी रंग के अंगूर से प्राप्त रस से, स्तन कैंसर के विकास को रोका जा सकता है।
- अंगूर और किशमिश कुत्तों के लिए गंभीर रूप से विषाक्त हैं और तीव्र गुर्दा की विफलता का कारण बन सकता है। अंगूर खाने के कुछ घंटो के बाद, कुत्ते को उल्टी, दस्त, अत्यधिक प्यास, अत्यधिक पेशाब और सुस्ती हो सकती है। और तो और इसका कोई विषहर औषध नहीं है! इसलिए कुत्तों को अंगूर कभी ना खिलाएं!
- क्या आप जानते हैं? ऑस्ट्रेलिया प्रति वर्ष 1.4 अरब लीटर वाइन का उत्पादन करता है।

## नए क्षेत्रों में अनिवार्य होंगे बीआईएस मानक

# डिजिटल निगरानी होगी मजबूत

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस, भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है) ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी भूमिका का विस्तार किया है। बीआईएस ने गुणवत्ता संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, हॉलमार्किंग का विस्तार करने और प्रमाणन चिन्हों के दुरुपयोग को रोकन के लिए डिजिटल निगरानी को बढ़ाने के लिए घरेलू सुधारों में तेजी ला रहा है। इसमें उपभोक्ताओं में और अधिक जागारुकता के साथ अधिक सुरक्षा दी जा सके। बीआईएस के वैज्ञानिक-जी व उप महानिदेशक (पश्चिम क्षेत्र) वी.गोपीनाथ ने अमर उजाला को बताया, भारतीय मानक ब्यूरो ने अपनी भूमिका का विस्तार कर रहा है। हम कई नए क्षेत्र के लिए भी प्रमाणन चिन्ह और बीआईएस मानकों को अनिवार्य करने वाले हैं। वर्तमान में भारत केवल अंतरराष्ट्रीय मानदंडों को अपना ही नहीं रहा है, बल्कि उन्हीं मानकों को बनाने में सक्रिय रूप से भाग ले रहे है।

### एचयूआईडी संख्या के साथ आभूषणों की पिक्चर और वजन दर्ज के लिए पायलेट प्रोजेक्ट

गोपीनाथ ने कहा, कीमती धातुओं की हॉलमार्किंग यह मुख्य क्षेत्र है, जहां लोग अधिक स्पष्टता और विश्वास चाहते हैं। वर्तमान समय में 373 जिलों में सोने पर अनिवार्य हॉलमार्किंग लागू की जा चुकी है और अब तक 58 करोड़ आभूषणों पर हॉलमार्किंग हो भी चुकी है। बीआईएस हॉलमार्के विशिष्ट पहचान (एचयूआईडी) नंबर होता जिसको आप हमारे एप पर डालकर यह सुनिश्चित करते हैं, कि सोने की शुद्धता कितनी है, अब आभूषणों की छवि यानी पिक्चर और वजन को दर्ज करने के लिए 25 केंद्रो में एक पायलेट परियोजना शुरू की गई है। इसमें कोई ग्राहक आभूषण लेता है और उसका एचयूआईडी नंबर और उसकी फोटो कैप्चर कर हमारे बीआईएस एप डाली जाती है, जिसके बाद उसका सही वजन, शुद्धता का पता चलेगा। इसके जरिए नकली एचयूआईडी के डुप्लिकेशन और फर्जी एचयूआईडी की संभावना भी कम हो जाती है।

# मजबूत बैंकिंग सिस्टम के दम पर भारत आर्थिक रूप से स्थिर: आरबीआई



**नई दिल्ली।** आरबीआई की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक मजबूत बैंकिंग सिस्टम, संतुलित नियमन और सुधारों की बदौलत भारत वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद आर्थिक रूप से स्थिर है। 2025-26 में भारत के सबसे तेज बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद जताई गई है।

भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता संरक्षण, नवाचार और सतर्क नियामक दृष्टिकोण के बीच संतुलन बनाए रखने पर केंद्रित नीति से भारत की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को मजबूती मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की वित्तीय संरचना मजबूत बनी हुई है और यह साबित होता है कि बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (ठइऋछ) दोनों प्रतिकूल परिस्थितियों में भी पूंजी स्तर को नियामक न्यूनतम से ऊपर बनाए रख सकते हैं। रिपोर्ट आगे बताती है कि आगे बढ़ते हुए नवाचार और स्थिरता के साथ उपभोक्ता संरक्षण व सतर्क नियमन और पर्यवेक्षण पर ध्यान देना उत्पादकता में सुधार और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को समर्थन देगा। भारत के बैंक मजबूत पूंजी भंडार, सुधरी परिसंपत्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता के साथ वैश्विक चुनौतियों के बीच भी स्थिर बने हुए हैं। रिपोर्ट ने वैश्विक माहौल का भी उल्लेख किया है, जिसमें 2026 की शुरूआत में भू-राजनीतिक तनावों का उभार शामिल है। ऐसे कारक भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए जोखिम और नीति अनिश्चितता बनाए रखते हैं, लेकिन इसके बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था के टिकाऊ प्रदर्शन के लिए आधार मजबूत बना हुआ है।

भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमानित रूप से 2025-26 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था की स्थिति बनाए रखेगी।

### भारत निर्यात में विविधता लाने और जोखिमों को कम करने का प्रयास कर रहा

रिपोर्ट में यह भी संकेत दिया गया है कि भारत निर्यात में विविधता लाने और बाहरी क्षेत्र से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, और 14 देशों या समूहों के साथ व्यापार वार्ता जारी है। हाल ही में न्यूजीलैंड और ओमान के साथ व्यापार समझौते भी निष्कर्ष पर पहुंच चुके हैं।

इसके अतिरिक्त, आरबीआई ने कहा कि 2025 में प्रमुख आर्थिक सुधार देखने को मिले, जिनमें कर संरचनाओं का युक्तिकरण, श्रम बाजार सुधारों के लिए श्रम संहिता का कार्यान्वयन और वित्तीय क्षेत्र का विनियमन शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन उपायों से आने वाले वर्षों में भारत की विकास संभावनाओं को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

ऑफलाइन रहता हूं तो सिर्फ दाल, रोटी, नौकरी एवं परिवार की ही चिंता रहती है
ऑनलाइन होते ही धर्म, समाज, राजनीति, देश, विश्व और पूरे ब्रह्माण्ड की चिंताएं होने लगती है : आम भारतीय नागरिक

---

ये वो दौर है जनाब जहां इंसान गिर जाये तो हँसी निकल जाती है और मोबाईल गिर जाये तो जान निकल जाती है

---

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं
कंडक्टर- अरे क्यों लड़ रही हो,
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं

---

महिला- डॉक्टर साहब, मेरे पति नींद में बातें करने लगे हैं! क्या करूँ?
डॉक्टर- उन्हें दिन में बोलने का मौका दीजिए!






प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# क्या विश्वकप में प्लेइंग-11 में खेल पाएंगे रिंकू सिंह, 19वें-20वें ओवर में 288 का स्ट्राइक रेट

**नागपुर।** टी20 अंतरराष्ट्रीय में रिंकू सिंह ने खुद को एक बेहतरीन डेथ ओवर फिनिशर के रूप में साबित किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ नागपुर में उनकी नाबाद 44 रन की पारी एक और उदाहरण रही। रिंकू की खासियत है कि वह आखिरी ओवरों में गेंदबाजों पर टूट पड़ते हैं। रिंकू की बेहतरीन पारी की वजह से ही टीम इंडिया पहले टी20 में 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन का स्कोर खड़ा कर सकी। रिंकू के अलावा अभिषेक ने 84 रन बनाए। हालांकि, सवाल अभी भी यही है कि क्या रिंकू अगले महीने शुरू हो रहे टी20 विश्व कप में भारतीय प्लेइंग-11 में जगह बना पाएंगे?




## भारत की पारी

रिंकू ने 20 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 44 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 220 का रहा। वहीं, अभिषेक ने 35 गेंद में पांच चौके और आठ छक्के की मदद से 84 रन बनाए। संजू सैमसन 10 रन, ईशान किशन आठ रन और कप्तान सूर्यकुमार यादव 22 गेंद में 32 रन बना सके। हार्दिक पांड्या ने 16 गेंद में 25 रन की पारी खेली। शिवम दुबे नौ रन ही बना सके।

## 19वें और 20वें ओवर में रिंकू के आंकड़े

रिंकू ने केवल 20 गेंदें खेलीं और अपनी दमदार हिटिंग से फैंस का दिल जीत लिया। 19वें और 20वें ओवर में तो वह कीवी गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे। रिंकू लगातार भारत के बेहतरीन मैच फिनिशर्स में से एक बनते जा रहे हैं।

हालांकि, प्लेइंग-11 में अब भी उनकी जगह पक्की नहीं है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में 19वें और 20वें ओवर में रिंकू के आंकड़े हैरान कर देने वाले हैं। उन्होंने 19वें और 20वें ओवर में कुल मिलाकर अब तक 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 74 गेंदें खेली हैं। इसमें उन्होंने 213 रन बनाए हैं। इस दौरान रिंकू का स्ट्राइक रेट 287.83 का रहा है। 19वें और 20वें ओवर में रिंकू ने 14 चौके और 22 छक्के लगाए हैं।

इन ओवरों में उनके बाउंड्री लगाने का दर 48.6 प्रतिशत है। यानी लगभग हर दूसरी गेंद पर वह चौका या छक्का लगाते ही हैं। इतना ही नहीं, रिंकू के टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में रनों का 35.8 प्रतिशत रन सिर्फ इन दो ओवरों में आया है।

### नागपुर में टीम इंडिया ने बनाया बड़ा स्कोर

नागपुर में रिंकू की पारी की बदौलत भारत ने 238/7 का स्कोर खड़ा किया, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़े स्कोर की सूची में तीसरे नंबर पर आता है। यह सिर्फ दूसरी बार था जब नागपुर में किसी टीम ने टी20 में 200+ रन बनाए। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत ने 44वीं बार 200 से अधिक रन बनाए। यह इस प्रारूप में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर है।

# 'अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है...' रोहित-कोहली से विवाद पर गंभीर ने दिया जवाब

**मुंबई।** गौतम गंभीर के एक ट्वीट ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। नागपुर टी20 जीत के बाद उन्होंने शशि थरूर के पोस्ट का जवाब दिया और लिखा कि उन्हें अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है। फैंस इसे रोहित शर्मा और विराट कोहली से जुड़ी अनबन की अफवाहों का जवाब मान रहे हैं। हाल ही में खिलाड़ियों के रिटायरमेंट, घरेलू क्रिकेट नियम और खराब नतीजों का दोष भी गंभीर पर मढ़ा जा रहा था। गंभीर ने पहले ही कहा था कि 2027 वर्ल्ड कप के लिए किसी की जगह पक्की नहीं है, लेकिन इसे गलत तरीके से जोड़कर पेश किया गया। उनके ताजा बयान से साफ है कि फैसले अकेले कोच के नहीं होते और सोशल मीडिया पर बनाई गई कहानियां ज्यादातर अनुमान पर आधारित हैं।



भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 में न्यूजीलैंड को 48 रन से हरा दिया। हालांकि, टीम इंडिया की इस जीत से ज्यादा चर्चा कोच गौतम गंभीर के एक ट्वीट की हो रही है। उन्होंने शशि थरूर के ट्वीट का जवाब दिया और जो लिखा, उसे फैंस अब रोहित शर्मा और विराट कोहली से जोड़कर देख रहे हैं।

**थरूर के जवाब में गंभीर ने किया ट्वीट**

शशि थरूर ने गंभीर से नागपुर में मुलाकात के बाद गंभीर की तारीफ में एक ट्वीट किया था। इस पर गंभीर का भी जवाब आया। उन्होंने लिखा, 'जब हलचल शांत होगी, तब इस बात की सच्चाई और लॉजिक सामने आएगा कि कोच की अनलिमिटेड अथॉरिटी वाली बात कितनी सही है।

तब तक मैं इस बात पर थोड़ा हैरान हूं कि मुझे अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है, जबकि वे सबसे बेहतरीन हैं!' गंभीर का यह बोलना, 'इस बात पर थोड़ा हैरान हूं कि मुझे अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है, जबकि वे सबसे बेहतरीन हैं!' फैंस इसे कोहली-रोहित से उनके अनबन की अफवाहें उड़ाने वाले आलोचकों को जवाब मान रहे हैं।

# कोहली का डांस देख खूब हंसीं अनुष्का, दुबई में छोले-भटूरे खाए तो आई दिल्ली की याद

**दुबई।** कैप्शन में कोहली ने लिखा, 'सूरज, रेतङ्क और एक छोटा-सा सरप्राइज! हमारे साथ चलिए दुबई के शांत रेगिस्तानों, खूबसूरत बीचों और रंग-बिरंगी गलियों की सैर पर। छोले भटूरे से लेकर स्काइलाइन के शानदार नजारों तक, दुबई का हर पल सरप्राइज से भरा होता है, सरप्राइज बड़े हों या छोटे, लेकिन हमेशा यादगार होते हैं।



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद इन दिनों विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को विराट कोहली ने एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वह दुबई में पत्नी अनुष्का के साथ रोमांस करते दिख रहे हैं। हालांकि, दोनों रोमांस दुबई में कर रहे हैं। इस दौरान कोहली अनुष्का के सामने डांस भी करते हैं, जिसे देखकर अनुष्का फूट फूटकर हंसती हैं। वह कोहली के डांस को रेट भी करती हैं। साथ ही दोनों दुबई में छोले-भटूरे भी खाते दिखे। उसे खाकर कोहली को दिल्ली की याद आ गई।

दरअसल, विराट ने दुबई टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वीडियो डाला है। इस वीडियो में वह अनुष्का के साथ दुबई को एक्सप्लोर करते दिखे। इसके कैप्शन में कोहली ने लिखा, 'सूरज, रेतङ्क और एक छोटा-सा सरप्राइज !हमारे साथ चलिए दुबई के शांत रेगिस्तानों, खूबसूरत बीचों और रंग-बिरंगी गलियों की सैर पर। छोले भटूरे से लेकर स्काइलाइन के शानदार नजारों तक, दुबई का हर पल सरप्राइज से भरा होता है, सरप्राइज बड़े हों या छोटे, लेकिन हमेशा यादगार होते हैं। तो क्या तैयार हैं देखने के लिए कि ये शहर आपके लिए क्या लेकर आया है?' खुले आसमान के नीचे एक टूरिस्ट स्पॉट पर बात करते दिखे। इस दौरान अनुष्का विराट से पूछती हैं- आपका हॉलीडे है। क्या करना चाहते हैं? इस पर विराट चुटकी लेते हुए कहते हैं- हमारी शादी को 10 साल बीत चुके हैं। अब तक आपको पता होना चाहिए था।

# नखरे करने के बाद क्या भारत में विश्वकप खेलने के लिए तैयार बांग्लादेश

**ढाका।** टी-20 विश्व कप को लेकर चल रहे विवाद के बीच ढाका में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड, बांग्लादेश टीम के चुनिंदा खिलाड़ियों और खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के बीच बैठक जारी है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और बांग्लादेश के खिलाड़ियों की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के साथ बैठक ढाका में जारी है। बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के मुकाबले भारत में नहीं खेलने की मांग की थी जिसे आईसीसी ने खारिज कर दिया था। बांग्लादेश के पास अपना रुख स्पष्ट करने के लिए सिर्फ आज का दिन शेष है, ऐसे में यह बैठक काफी अहम है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका में बैठक जारी है जिसमें नजरुल से मुलाकात के लिए बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम भी पहुंच गए हैं। क्रिकेटरों में नुरुल हसन, शमीम हुसैन, हसन महमूद, नजमुल हुसैन शांतो, जाकिर अली और सैफ हसन बैठक में मौजूद हैं। वहीं, बीसीबी के सीईओ निजामुद्दीन भी इसमें शामिल हैं।





## क्या टी-20 विश्व कप में नहीं दिखेगी बांग्लादेश टीम

रिपोर्ट के मुताबिक, खिलाड़ी विश्व कप मे हिस्सा लेना चाहते हैं और प्लान यह है कि ये सभी सरकार के प्रतिनिधि से इस बारे में चर्चा करेंगे। बीसीबी और बांग्लादेश सरकार ने बार-बार यही कहा है कि वे सुरक्षा के कारण भारत में नहीं खेलना चाहते हैं। वहीं, अगर उनका यही रवैया रहा तो यह तय है कि बांग्लादेश की टीम सात फरवरी से होने वाले टी20 विश्व कप का हिस्सा नहीं होगी। इस बैठक में यही तय होना है कि बांग्लादेश का रुख क्या रहता है।

अब तक क्या-क्या हुआः इस विवाद की शुरूआत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से रिलीज करने के बाद हुई। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फिर भारत में सुरक्षा का हवाला देकर टी20 विश्व कप के मैच भारत में नहीं खेलने की मांग की। उन्होंने आईसीसी के सामने यह भी विकल्प रखा कि बांग्लादेश को ग्रुप सी से हटाकर ग्रुप बी में शामिल किया जाए और आयरलैंड को ग्रुप सी में भेजा जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि ग्रुप बी के मैच श्रीलंका में होने हैं।

आईसीसी के अधिकारियों ने बांग्लादेश में बीसीबी के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। फिर 21 जनवरी को आईसीसी बोर्ड की बैठक हुई जिसमें बांग्लादेश की मांग बहुमत के आधार पर खारिज कर दी गई। आईसीसी ने बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया कि या तो वह तय कार्यक्रम के अनुसार भारत में खेले या उसकी जगह स्कॉटलैंड की टीम में शामिल किया जाएगा।

## भारत में खेलने हैं चार मैच

मौजूदा शेड्यूल में बांग्लादेश अपने लीग मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेलेगा। बांग्लादेश टीम का पहला मुकाबला सात फरवरी को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा। इसके बाद टीम अपने दो और ग्रुप मैच कोलकाता में खेलेगी और अंतिम मैच मुंबई में होगा।

# भारत को उकसाने की कोशिश, घटियापन के निचले स्तर पर पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के टी20 दौरे के प्रमोशन में भारत पर अप्रत्यक्ष तंज कसकर हैंडशेक विवाद को फिर हवा दी। एक्स पर जारी वीडियो में एक डायलॉग के जरिये भारतीय टीम पर कटाक्ष किया गया। विशेषज्ञों और फैंस ने इसे घटिया हरकत बताते हुए कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। यह कदम भारत के मौका-मौका एड के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।



भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंध हमेशा तनाव, राजनीति और विवादों के बीच फंसे रहे हैं, लेकिन इस बार मामला मैदान से बाहर और विज्ञापन की दुनिया में भड़क उठा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के आगामी टी20 दौरे का प्रमोशनल वीडियो जारी करते हुए भारत पर तंज कसने का एक नया और बेहद सस्ता और घटिया तरीका ढूंढ निकाला है। हैंडशेक विवाद को फिर जिंदा कर, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऐसा वीडियो साझा किया जिसे भारतीय फैंस, विश्लेषकों और कई पत्रकारों ने घटिया हरकत और निम्न स्तर की मार्केटिंग बताया।

**हैंडशेक विवाद को फिर हवा:** वीडियो में एक ऑस्ट्रेलियन टूरिस्ट को पाकिस्तान में घूमते हुए दिखाया गया है। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा होटल में उसका बिल भरते हुए कहते हैं, 'मेहमान हो जी आप हमारे'। टूरिस्ट शुक्रिया बोलकर पाकिस्तानी मेहमाननवाजी की तारीफ करता है। इसके बाद एक टैक्सी वाला किराया न लेते हुए उसे जाने देता है, लेकिन टूरिस्ट के उतरने पर रोकते हुए कहता है, 'दोस्त हैंडशेक भूल गए आप! लगता है पड़ोसियों के पास भी रुके थे'।

संकेत साफ था- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भारतीय टीम द्वारा एशिया कप में पाकिस्तान खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने की घटना को चटपटी चुटकी के रूप में बेच रहा था। यह संवाद सिर्फ एक प्रमोशनल लाइन नहीं था, बल्कि भारतीय टीम के संवेदनशील फैसले पर कटाक्ष था, जो उस समय पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बीच सुरक्षा-भावनात्मक कारणों से लिया गया था।

**फैंस और विशेषज्ञों ने लगाई फटकार:** सोशल मीडिया पर भारतीय फैंस ने इसे नैतिक रूप से गिरा हुआ कदम बताया। एक यूजर ने लिखा- पाकिस्तान अपनी मार्केटिंग में भी राजनीति घुसा रहा है। वहीं दूसरे यूजर ने टिप्पणी की- खेल को खेल रहने दो, ये घटिया मार्केटिंग नहीं चलेगी।' दरअसल, पाकिस्तान पर से मेजबानी का बैन हटने के बाद से वहां कई मैच हो चुके हैं, लेकिन फैंस की संख्या बेहद कम रही है। ऐसे में उसे टूनार्मेंट के प्रमोशन और अपने मैच दिखाने के लिए भारत की जरूरत पड़ रही है।

एक और सोशल मीडिया यूजर ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, 'पाकिस्तान भारत के बिना अपनी कहानी बेच ही नहीं सकता। हर बार भारत को घसीटना उनकी पुरानी आदत है।' कुछ लोगों ने यह भी कहा कि यह भारतीय 'मौका-मौका' एडवर्टाइजमेंट का पाकिस्तानी जवाब है। मौका-मौका एड आईसीसी टूनार्मेंट्स में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के खराब रिकॉर्ड पर व्यंग है। हालांकि, वह राजनीति से नहीं, बल्कि पूरी तरह खेल भावना से जुड़ा है, जबकि पाकिस्तान की ओछी हरकत घटियापन का निम्नस्तर है।

**ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान दौरा**

यह दौरा टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दोनों टीमों की तैयारी का अंतिम चरण होगा। सभी मैच गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर में 29 जनवरी, 31 जनवरी और एक फरवरी को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श कप्तान होंगे, जबकि ट्रेविस हेड, कैमरून ग्रीन और जोश इंग्लिस भी टीम में शामिल हैं।

### प्रोमो का अंत में आगा ने क्या कहा

वीडियो के अंत में टूरिस्ट पाक कप्तान सलमान आगा से कहता है, 'मुझे यहां आकर अच्छा लग रहा है, लेकिन अच्छा लगेगा अगर ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हरा दे।' इस पर सलमान हंसते हुए जवाब देते हैं, 'हम एक दयालु मेजबान हैं, लेकिन जब बात क्रिकेट की आती है, तो हम जवाब देने के लिए तैयार हैं।' सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि यह मजाकिया अंदाज भारतीय टीम के खिलाफ अनावश्यक राजनीतिक तंज के बिना भी बन सकता था।

# 'न्यूजीलैंड ने जितने रन बनाए, उससे ज्यादा मैंने सेल्फी दीं', कीवियों पर शशि थरूर का मजेदार तंज

**नागपुर।** नागपुर में खेले गए भारत-न्यूजीलैंड मुकाबले में भारत ने 48 रनों से शानदार जीत हासिल की, लेकिन मैच के साथ-साथ शशि थरूर का मजेदार ट्वीट भी सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होंने लिखा कि न्यूजीलैंड के रन से ज्यादा उन्हें सेल्फी देनी पड़ीं। मैच में अभिषेक शर्मा की 84 रनों की ताबड़तोड़ पारी भारत की जीत की बड़ी वजह बनी।



भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आगाज नागपुर में हुआ। बुधवार को खेले गए पहले मैच में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 48 रनों से हराया। मैच जितना रोमांचक था, उससे ज्यादा चर्चा कांग्रेस सांसद शशि थरूर के ट्वीट ने बटोरी। उनका मजेदार अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**शशि थरूर का मजेदार ट्वीट वायरल:** मैच देखने नागपुर पहुंचे शशि थरूर ने स्टेडियम का माहौल खुलकर एन्जॉय किया और इसके बाद उन्होंने एक मजेदार ट्वीट किया। थरूर ने लिखा, 'नागपुर दौरे को स्टेडियम में बैठकर भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी20 मैच देखकर खत्म किया। मैं किसी एयर-कंडीशन्ड बॉक्स में नहीं बैठा, जो 45,000 दर्शकों के जोश और शोर से बिल्कुल अलग हो। न्यूजीलैंड ने जितने रन बनाए, उससे ज्यादा मुझे सेल्फी देनी पड़ीं, लेकिन मैच और जीत का पूरा मजा आया।' उनके इस ट्वीट पर फैंस ने जमकर रिएक्ट किया और कुछ ही घंटों में यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**मैच का पूरा हाल**

नागपुर में खेले गए पहले टी20 में टीम इंडिया ने टॉस हारने के बावजूद पहले बैटिंग करते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया। युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने ताबड़तोड़ प्रदर्शन किया और 35 गेंदों में 84 रन ठोक दिए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 32 रन का योगदान दिया, जबकि रिंकू सिंह ने 20 गेंदों में नाबाद 44 रन बनाए। टीम इंडिया ने 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन का स्कोर बनाया।

**न्यूजीलैंड की पलटवार कोशिश नाकाम:** लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी। भारत की जीत 48 रनों से दर्ज हुई।

# 'जिसने भारतीय बैडमिंटन को दुनिया में पहचान दिलाई..'



### सचिन ने की साइना की तारीफ

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी साइना नेहवाल ने हाल ही में साफ कर दिया कि वह अब कोर्ट पर वापसी नहीं करेंगी। 2023 सिंगापुर ओपन के बाद उन्होंने कोई टूनार्मेंट नहीं खेला और अब उन्होंने पॉडकास्ट के दौरान अपनी रिटायरमेंट को लेकर स्पष्ट बात कही। इसी के बाद क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने साइना के लिए दिल छू लेने वाला संदेश लिखा और भारतीय बैडमिंटन में उनके योगदान को सलाम किया।

सचिन तेंदुलकर ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर साइना के नाम एक लंबा संदेश लिखा। उन्होंने साइना की मेहनत, धैर्य और निरंतरता की तारीफ करते हुए कहा, 'प्रिय साइना, आपका करियर इस बात का सबूत है कि महानता एक दिन में नहीं बनती, बल्कि धैर्य, हिम्मत और निरंतरता से हासिल होती है। आपने भारतीय बैडमिंटन को विश्व मंच पर पहुंचाया और दिखाया कि तैयारी और विश्वास मिलकर किसी खेल की दिशा बदल सकते हैं।'

# पावरप्ले में अभिषेक से बड़ा कोई हिटर नहीं

## टी-20 में ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने




**नागपुर।** अभिषेक शर्मा ने नागपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पावरफुल बल्लेबाजी करते हुए कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने 22 गेंदों में भारत की सबसे तेज फिफ्टी बनाई, पावरप्ले में दुनिया में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाज बने और न्यूजीलैंड के खिलाफ एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वालों में शामिल हुए। इन रिकॉर्ड्स से साबित होता है कि अभिषेक शर्मा अब टी20कमें दुनिया के सबसे खतरनाक शुरूआती बल्लेबाजों में से एक बन चुके हैं।

भारत ने नागपुर में खेले गए पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में 48 रन से जीत हासिल की। टीम इंडिया की जीत के हीरो रहे अभिषेक शर्मा, जिन्होंने 35 गेंद में 84 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और आठ छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 240.00 का रहा। अभिषेक ने इस पारी के साथ कई रिकॉर्ड्स भी बनाए।


अभिषेक ने टी20 इंटरनेशनल में ऐसा प्रदर्शन किया है कि अब पावरप्ले में उनसे बड़ा हिटर शायद कोई नहीं दिखता। न्यूजीलैंड के खिलाफ नागपुर में उन्होंने गेंदबाजों को शुरूआत से ही दबाव में डाल दिया और सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक जमाकर नया इतिहास बना दिया। यह भारत की ओर से न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20कमें सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले 2020 में केएल राहुल और रोहित शर्मा ने 23-23 गेंदों में पचासा लगाया था।

## पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के

अभिषेक शर्मा ने छह जुलाई 2024 को अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था और तब से अब तक वह पावरप्ले (पहले 6 ओवर) में वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं। अभिषेक ने छह जुलाई 2024 के बाद से अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में पावरप्ले यानी शुरूआती छह ओवरों में सबसे ज्यादा 49 छक्के लगाए हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान हैं। उनके नाम 28 छक्के हैं। कोई अभिषेक के आसपास नहीं है। ये आंकड़ा उनके अटैकिंग गेम को साफ दिखाता है।



# गाजियाबाद आसपास




## लोहा मंडी में यूपीसीडा का कर-संग्रह कैंप

### 100 से अधिक उद्यमियों ने ऑनलाइन जमा किया रखरखाव शुल्क व लीज रेंट



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में उद्यमियों व व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोहा मंडी स्थित संगठन कार्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) का कर-संग्रह कैंप आयोजित किया गया। कैंप में यूपीसीडा का रखरखाव शुल्क और लीज रेंट जमा कराया गया।

कैंप का आयोजन यूपीसीडा गाजियाबाद के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप सत्यार्थी के निर्देशन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्रबंधक श्याम सिंह और कनिष्ठ सहायक अवधेश वर्मा का विशेष सहयोग रहा। कैंप में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन, महामंत्री अंबरीश जैन, कोषाध्यक्ष सतीश बंसल, उपाध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल, सतीश चंद्र बंसल, मुकेश कुमार सहित मंडल के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। लोहा मंडी एवं बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र के भूखंड स्वामियों में से 100 से अधिक उद्यमियों, व्यापारियों और उनके प्रतिनिधियों ने कैंप में पहुंचकर अपना रखरखाव शुल्क और लीज रेंट ऑनलाइन माध्यम से जमा कराया। इस दौरान कई उद्यमियों और व्यापारियों की शंकाओं का मौके पर ही समाधान भी किया गया। कैंप को लेकर उद्यमियों ने कहा कि इस पहल से कर जमा करने की प्रक्रिया सरल और सुगम हुई, जिससे विभाग और व्यापारियों–दोनों को ही लाभ मिला।

कैंप के समापन पर डॉ. अतुल कुमार जैन ने यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप सत्यार्थी सहित प्रबंधक श्याम सिंह और कनिष्ठ सहायक अवधेश वर्मा का आभार व्यक्त किया।

## लैपटॉप चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, अवैध शस्त्र बरामद



**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के नोएडा, गाजियाबाद सहित अन्य जनपदों में घरों व अस्पतालों से लैपटॉप चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को थाना सेक्टर-20 पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से अवैध शस्त्र, चोरी किये गए 17 लैपटॉप, आधार कार्ड की छायाप्रति व घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की है। इसके अलावा थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 1 मोटरसाइकिल, स्नैच किये हुए फोन को बेचकर प्राप्त 1600 रुपए नकद व एक अवैध चाकू बरामद किया है।

एडीसीपी नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि थाना सेक्टर-20 पुलिस ने आज लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से नोएडा सहित अन्य जगहों के घरों व अस्पतालों से लैपटॉप चोरी करने वाले 2 अभियुक्त कमल सिंह उर्फ देव पुत्र आजाद सिंह तथा दुष्यंत चोपड़ा उर्फ बोनी पुत्र स्व. कुलदीप कुमार चोपड़ा को अट्टा अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से दिल्ली-एनसीआर में भिन्न-भिन्न घटनाओं में चोरी किये 17 लैपटॉप, घटना में प्रयुक्त स्कूटी, आधार कार्ड की छायाप्रति व 2 अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

## इंदौर से कूड़ा निस्तारण सीखेगा ग्रेटर नोएडा



**ग्रेटर नोएडा।** कूड़े से गैस बनाने का प्लांट ठीक से काम करे। इसके लिए ग्रेनो प्राधिकरण इंदौर नगर निगम से गुर सीखेगा। इस काम के लिए टीम इंदौर जाएगी। वहां टीम को 500 टन क्षमता के सीबीजी प्लांट के कामकाज को देखना है। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने इसके लिए इंदौर के नगर आयुक्त से विजिट की अनुमति भी मांगी है। स्वास्थ्य विभाग की एक टीम इंदौर इस काम के लिए शुक्रवार को पहुंचेगी। यहां के अनुभव का उपयोग ग्रेनो प्राधिकरण अपने 50 टन और 300 टन क्षमता के नए प्रस्तावित सीबीजी प्लांट में करेगा।

## पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने सफाई मित्रों को भेंट किए गर्म कपड़े



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के वार्ड नंबर 41 झंडापुर के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने ठंड को देखते हुए एक सराहनीय पहल की है। गुरुवार को उन्होंने अपने वार्ड में तैनात समस्त सफाई कर्मचारियों को गर्म जैकेट वितरित कीं, ताकि वे इस ठंड में भी सुरक्षित रहकर अपना कर्तव्य निभा सकें। इस अवसर पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सफाई कर्मचारी हमारे शहर और वार्ड की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। जब हम अपने घरों में ठंड से बचने के इंतजाम कर रहे होते हैं, तब ये 'सफाई मित्र' सुबह-सवेरे सड़कों पर उतरकर वार्ड को साफ-सुथरा बनाने का काम करते हैं। उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

### कर्मचारियों ने जताया आभार

**करंट क्राइम।** जैकेट पाकर सफाई कर्मचारियों के चेहरों पर खुशी देखी गई। कर्मचारियों ने पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय की इस संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि अक्सर उन्हें बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन पार्षद ने खुद आगे बढ़कर उनकी जरूरतों को समझा।

इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और वार्ड समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने पार्षद द्वारा किए गए इस सामाजिक कार्य की प्रशंसा की।

## इंदिरापुरम: दूर स्थित 45 बूथों को शिफ्ट करने की मांग

### मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने एसडीएम से की मुलाका



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के दौरान होने वाली असुविधाओं को दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक स्तर पर प्रयास तेज कर दिए हैं। इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता व महामंत्री देबाशीष दत्ता ने गुरुवार को एसडीएम अरुण दीक्षित से मुलाकात कर निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने बताया कि उन्होंने पहले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात की थी। मंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से संपर्क किया।

मुख्य मांग इंदिरापुरम के उन 45 बूथों को स्थानांतरित (शिफ्ट) करने की है, जो वर्तमान में संबंधित सोसायटियों या रिहायशी क्षेत्रों से काफी दूर स्थित हैं। बूथ दूर होने के कारण चुनाव के दौरान मतदाताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे मतदान प्रतिशत पर भी असर पड़ता है।

### बीएलओ की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**करंट क्राइम।** मुलाकात के दौरान मंडल अध्यक्ष ने एसडीएम को बताया कि बीएलओ द्वारा 2002 के एसआईआर रिकॉर्ड के साथ विवरणों की मैपिंग करने में कई तकनीकी खामियां आ रही हैं। इससे नए मतदाताओं के नाम जुड़ने और पुराने रिकॉर्ड के मिलान में बाधा उत्पन्न हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने आवेदन सौंपकर प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने की अपील की।

### एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश

**करंट क्राइम।** मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अरुण दीक्षित ने मौके पर ही संबंधित बीएलओ को निर्देशित किया कि वे इस प्रक्रिया को सरल बनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदकों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए और बूथों के युक्तिकरण की प्रक्रिया को नियमों के तहत जल्द पूरा किया जाए।

## नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ 16 फरवरी को आंदोलन



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ 16 फरवरी को प्रस्तावित आंदोलन की तैयारी को लेकर रामपुर फतेहपुर गांव में किसानों की एक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में आगामी आंदोलन की रणनीति और मुख्य मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नगर ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि किसान सभा 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट के मुद्दे पर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने साफ कहा कि जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिल जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। 16 फरवरी से शुरू होने वाले आंदोलन के प्रमुख मुद्दों में 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट, भूमि अधिग्रहण के नए कानून के लाभों को पूरी तरह लागू करना और आबादियों का पूर्ण निस्तारण शामिल है। जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने जानकारी दी कि किसान सभा और किसान संघर्ष मोर्चा के लगातार आंदोलनों के दबाव में 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट से संबंधित प्रस्ताव ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड से पारित होकर शासन को अनुमोदन के लिए भेजा जा चुका है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में मंत्री स्तर की सिफारिशें पहले से ही मौजूद हैं। किसान सभा के जिला सचिव गुरप्रीत एडवोकेट ने कहा कि संगठन हर हाल में किसानों के इन मुद्दों को हल कराने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने 16 फरवरी को किसानों की निर्णायक लड़ाई शुरू होने की बात कही।

वहीं, किसान सभा की जिला कमेटी के सदस्य महेश प्रजापति ने रामपुर फतेहपुर गांव की ओर से भरोसा दिलाया कि गांव के सैकड़ों किसान और ग्रामीण इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## स्कूल वाहनों की सुरक्षा पर सख्ती, नियम तोड़े तो प्रबंधक पर होगी कार्रवाई



**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सरकारी व निजी स्कूलों के वाहनों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जनपद के सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे परिवहन से जुड़े सभी कानूनी एवं सुरक्षा मानकों का अनुपालन करें, अन्यथा संबंधित विद्यालय प्रबंधक अथवा प्रधानाचार्य के विरुद्ध व्यक्तिगत स्तर पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पांडे ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस संबंध में सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि परिसर से संचालित विद्यालय वाहनों के लिए प्रबंधक व प्रधानाचार्य की पूर्ण व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।




## जल्द चालू होगा पुराने परिसर में कैफिटेरिया

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार निर्माण कार्यों की बहार आई हुई है। कोई थानों, तो कोई कार्यालयों और कोई पुराने वाले परिसरों को नया बनान में लगा हुआ है। इसी के बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वर्तमान में क्राइम और महिला थाने वाला परिसर जो कभी पुराना पुलिस ऑफिस हुआ करता था वहां जल्द ही नया कैफेटेरिया शुरू होने वाला है। इसके साथ ही क्राइम ब्रांच परिसर का भी सीन बदल चुका हे। वहीं क्राइम वाले साहब का बड़ा और नया कार्यालय बनकर तैयार हो रहा है। सुनने में आ रहा है कि वह आजकल दूसरे वाले ऑफिस में बैठ रहे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि महिला वाले थाने और महिला परामर्श केंद्र के सामने बड़ा पार्क बन रहा है। इसमें फरियादियों के बैठने और आराम करने की व्यवस्था भी रहेगी। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि क्राइम ब्रांच और खुफिया वाले कार्यालय के बराबर से जो नया कैफेटेरिया बनाया जाना है उसमें वॉलपेपर लगने से लेकर लाइटिंग और सीट लगने का काम पूरा हो गया है। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों ने बताया है कि जल्द ही यहां बैठने के लिए ग्रीन एरिया और क्लीन एरिया विकसित कर दिया जाएगा। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि इसी परिसर के बराबर में एक धार्मिक स्थल भी बन रहा है। तो वहीं जल्द ही खेल का मैदान भी बनाया जाएगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार नए कार्यालय, थान का निर्माण कार्य और परिसरों की स्थिति और परिस्थिति बदल रही है। तो क्राइम कंट्रोल से लेकर अन्य मैनेजमेंट भी देखने को मिल रहा है। कुल मिलाकर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई एसीपी, थाना प्रभारियों और आईपीएस अधिकारियों को ट्रांसफर लिस्ट का वेट है, उसकी डेट फिक्स नहीं हो पा रही है। पुलिस में कोई 26 जनवरी तो कोई फरवरी का महीना बता रहा है। कुल मिलाकर अभी केवल वेट एंड वॉच वाली स्थिति चल रही है। अब देखना होगा की लिस्ट आने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में क्या टविस्ट् आता है। वहीं बताया जा रहा है कि कई एसीपी ऐसे हैं जो अपने सर्किल से बेस्ट सर्किल में जाने के लिए प्रयास लगाने में जुटे हुए हैं। अब देखना होगा इस बार 26 को कोई बदलाव देखने को मिलेगा या सब ऐसे ही चलेगा।



## दूसरा निकाह कर तीन तलाक देने का आरोप




**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सराय गद्दापाड़ा निवासी अरशी अकरम ने पति पर दूसरा निकाह कर तलाक देने और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अरशी अकरम ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि चार दिसंबर 2009 को उनका निकाह आसिफ अकरम निवासी न्यू कुच्छ विहार जिहाटा फाकेटर पश्चिम बंगाल के साथ हुआ था। निकाह में दिए गए दान दहेज से पति आसिफ अकरम, सास लिलीमा बेगम, जेट वसीम अकरम व देवर इशाक अकरम खुश नहीं थे।

आरोप है कि निकाह के कुछ दिनों बाद से ही दहेज में पांच लाख रुपये नकद व बाइक की अतिरिक्त मांग कर उनका उत्पीड़न करने लगे। निकाह के बाद उन्होंने तीन पुत्रियों को जन्म दिया। उनका पति बेंगलुरु में रहकर सिलाई का काम करता था। पति कई-कई माह तक उन्हें कोई रुपया नहीं भेजता था। मायके वाले ही उनका व उनके पुत्रियों को खर्चा कर रहे थे। 31 मई 2025 को वह अपनी बहन के निकाह में शामिल होने पति व पुत्रियों के साथ अपने मायके आई थीं। निकाह के दिन ही पति ने उनसे व उनके मायके वालों से किसी काम के लिए 90 हजार रुपये की मांग की। रुपये न देने पर पति गाली गलौज कर यहां से जाने का प्रयास करने लगा। मायके वालों ने पति को रुकने की बात कही लेकिन पति नहीं रुका और बैग लेकर उन्हें व उनकी तीन पुत्रियों को यहां छोड़कर चला गया। 29 सितंबर 2025 की रात करीब दस बजकर 40 मिनट पर फोन कर दूसरा निकाह करने की उनसे बात कही। इतना ही नहीं पति ने फोन पर ही उन्हें तीन तलाक दे दिया। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास सम्पन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वार्ड क्षेत्र में इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में वार्ड पार्षद छाया संजय त्यागी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पार्षद पति संजय त्यागी भी मौजूद रहे।

निर्माण कार्य के प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा के साथ-साथ सुदृढ़ जलनिकासी व्यवस्था का लाभ मिलेगा। यह विकास कार्य नगर निगम गाजियाबाद के अंतर्गत कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी।

## सोहित योगी को मिला सर्वश्रेष्ठ योग गुरु अवार्ड



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम निवासी योग गुरु सोहित योगी को मध्य प्रदेश में आयोजित समारोह में ह्रसर्वश्रेष्ठ योग गुरुह्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के कर-कमलों से प्रदान किया गया। सोहित योगी को यह प्रतिष्ठित उपाधि योग के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान, जन-जन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों और समाज को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने की दिशा में की जा रही उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए प्रदान की गई।

इस उपलब्धि से गाजियाबाद जनपद में हर्ष और उत्साह का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने इस सम्मान को अपने गाँव, समाज और जिले के लिए गौरव का विषय बताया है।

## भाई हो तो भरत जैसा: चित्रकूट में भरत-मिलाप का प्रसंग सुन छलक उठीं भक्तों की आँखें



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 19 में चल रही श्रीराम कथा के दौरान भरत-मिलाप का प्रसंग सुनकर भक्तों की आँखें छलक उठीं। कथा व्यास प्रशांत मुकुंद प्रभु ने बताया कि भरत ने अयोध्या का विशाल साम्राज्य ठोकर मार कर ठुकरा दिया और वनवासी राम के चरणों में अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। कथा के पाँचवें दिन व्यास ने 'भरत मिलाप' का सजीव चित्रण किया, जिसे सुनकर पूरा पांडाल भावुक हो उठा। उन्होंने बताया कि भरत का त्याग राम से भी कठिन था। राम ने पिता की आज्ञा में वन स्वीकार किया, लेकिन भरत ने सत्ता हाथ में होते हुए भी उसे 'विष' के समान त्याग दिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने 'जय सिया राम' और 'भरत भैया की जय' के नारे लगाए। आयोजन समिति ने बताया कि कथा में प्रतिदिन क्षेत्र के गणमान्य लोग और हजारों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

कथा के अंत में महाआरती की गई और सभी भक्तों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया।

## शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण जागरूकता अभियान शुरू




**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) डॉक्टर शिवकांत द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में टीका मित्र वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वैन जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को टीकाकरण के महत्व, लाभ एवं समय पर टीकाकरण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करेगी। इस दौरान सीडीओ ने बताया कि टीका मित्र वैन के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि बीमारियों पर वार का सबसे प्रभावी माध्यम टीकाकरण है। अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से बच्चों के नियमित टीकाकरण पर जोर दिया जाएगा। वैन पर प्रदर्शित संदेश के अनुसार 5 वर्ष की आयु तक 7 बार टीकाकरण अनिवार्य है और एक भी टीका छूटने पर बच्चों को गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि टीका मित्र वैन द्वारा दफ्तेरिया, टेटनस, काली खांसी, पोलियो, टीबी, खसरा, रूबेला, निमोनिया, गलाघोंटू सहित 12 जानलेवा बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए समयबद्ध टीकाकरण का संदेश दिया जाएगा।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नन्ही कृषा ने अपना तीसरा जन्मदिन अपने माता–पिता की गोदी में मनाया। ये एक ऐसा पल जो पूरे परिवार को सुखद अनुभूति देता है। नन्हीं कृषा की मम्मी आकांशा और पापा अनूप ने अपनी लाड़ली बिटिया को उसके जन्मदिन पर ढेरों आशीर्वाद दिये। उन्होंने अपनी बिटिया के लिए हर खुशी की कामना की। ईश्वर के उसके लिए सर्वकल्याण की प्रार्थना की। जन्मदिन के इस मौके पर कृषा के मामा भविष्य गर्ग और निखिल गर्ग ने भी कृषा को आशीर्वाद देते हुए उसकी खुशियों की कामना की। परिवार की खुशियों को साझा करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने से चीन का इनकार

## कहा- चाहे जो हो, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करेंगे




## ट्रंप ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर काम करेंगे, लेकिन यह बोर्ड ऑफ पीस खास होगा



**बीजिंग।** चीन ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने से इनकार कर दिया है। चीन ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के संकेत दिए हैं।

चीन ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के अमेरिकी आमंत्रण को ठुकरा दिया है। चीन ने कहा कि बीजिंग, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में चीन के दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में यू जिंग ने चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से लिखा, 'चीन को बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए अमेरिका का आमंत्रण प्राप्त हुआ। चीन हमेशा से बहुपक्षवाद का पालन करता आया है। अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में चाहे जो बदलाव आएं, चीन, संयुक्त राष्ट्र के केंद्र में रखकर बनाई गई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।'

ट्रंप ने कहा- बोर्ड ऑफ पीस संयुक्त राष्ट्र से भी ज्यादा काम करेगा

चीन का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावोस में विश्व आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोर्ड ऑफ पीस को अब तक का सबसे प्रतिष्ठित बोर्ड बताया था और कहा कि यह बोर्ड ऑफ पीस संयुक्त राष्ट्र से भी ज्यादा काम करेगा।

ट्रंप ने गाजा में संघर्ष विराम की 20 सूत्रीय योजना को लागू करने के लिए बोर्ड ऑफ पीस का गठन किया है। अब ट्रंप इस बोर्ड ऑफ पीस के उद्देश्य को व्यापक करते हुए इसके जरिए वैश्विक संघर्षों में मध्यस्थता करना चाहते हैं।

व्हाइट हाउस द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित बोर्ड के सदस्य गाजा में स्थिरीकरण और दीर्घकालिक सफलता की निगरानी करेंगे। इनमें गाजा में शासन क्षमता निर्माण, क्षेत्रीय संबंध, पुनिर्निर्माण, निवेश, बड़े पैमाने पर वित्तपोषण और पूंजी जुटाने का काम शामिल है। बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए अमेरिका ने 60 से ज्यादा देशों को न्योता भेजा है।

### पुतिन ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने को लेकर कही ये बात

बुधवार रात को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा, 'बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने को लेकर विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया गया है कि वे हमें मिले दस्तावेजों का ठीक से अध्ययन करें। हम इस बारे में रूस के रणनीतिक साझेदारों से भी चर्चा करेंगे और उसके बाद ही इस बारे में कुछ फैसला करेंगे।'पुतिन ने कहा हम हमेशा अंतरराष्ट्रीय स्थिरता को मजबूत करने के पक्ष में रहे हैं। साथ ही हम यूक्रेन संकट हल करने के लिए अमेरिका के प्रयासों की भी सराहना करते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के आमंत्रण के लिए भी धन्यवाद कहा।

# न्यू साउथ वेल्स में गोलीबारी, तीन लोगों की मौत और एक घायल



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में गुरुवार को गोलीबारी हुई । इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य घायल हो गया।

ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के एक कस्बे में गुरुवार को हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य घायल हो गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के एक बयान के अनुसार, गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद लगभग 1,500 लोगों के कस्बे लेक कार्गेलिगो के एक पते पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि तीन लोगों को मौत हो गई, जिसमें दो महिलाओं और एक पुरुष शामिल हैं। वहीं, एक अन्य व्यक्ति को गंभीर लेकिन स्थिर हालत में अस्पताल ले जाया गया। वहीं, हमलावर अभी भी फरार है। पुलिस ने जनता से उस इलाके से दूर रहने और स्थानीय निवासियों से घर के अंदर रहने का आग्रह किया।

# दावोस में ट्रंप ने रखी 'बोर्ड ऑफ पीस' की नींव


**दावोस।** गाजा और दुनिया के संघर्ष क्षेत्रों में स्थायी शांति लाने के दावे के साथ ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस में 'बोर्ड ऑफ पीस' की नींव रखी। गौर करने वाली बात यह है कि भारत समेत कई देशों ने इस मंच में दूरी बनाई। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या यह नया मंच वास्तव में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को चुनौती देगा?

दुनियाभर में चल रही चचाओं के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस में 'बोर्ड ऑफ पीस' के मंच की नीव रखी है। ट्रंप का दावा है कि यह बोर्ड गाजा में स्थायी शांति लाने और दुनिया के दूसरे संघर्षों को सुलझाने में मदद करेगा। हालांकि ट्रंप के इस बोर्ड को लेकर दुनियाभर के अलग-अलग देशों की तरफ से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है।

दूसरी ओर भारत ने भी अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है। आइए पहले समझते है कि आखिर बोर्ड ऑफ पीस है क्या? बता दें कि ह्यबोर्ड ऑफ पीसह्ल एक नया अंतरराष्ट्रीय संगठन बताया जा रहा है।

इसके अनुसार, यह संगठन युद्ध और संघर्ष से प्रभावित इलाकों में शांति लाने, स्थिर और कानून के तहत शासन स्थापित करने और लंबे समय तक टिकने वाली शांति सुनिश्चित करने का काम करेगा। इसकी शुरूआत गाजा में इस्त्राइल-हमास युद्ध के बाद हुई युद्धविराम के दूसरे चरण के दौरान की गई।

## भारत समेत इन देशों ने क्यों बनाई दूरी




### स्विट्जरलैंड के मंच से भारत ने बनाई दूरी

इस बोर्ड को बनाने के एलान के साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बोर्ड में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था।

हालांकि भारत इस कार्यक्रम में मौजूद नहीं था। बताया जा रहा है कि भारत सरकार ने अभी तक इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। वहीं सरकारी सूत्रों के अनुसार यह मामला काफी संवेदनशील है।

इसलिए अभी भारत इस पहल के सभी पहलुओं पर सोच-विचार कर रहा है। इसके बड़ा कारण है कि भारत की लंबे समय से यह नीति रही है कि इस्त्राइल और फलस्तीन के बीच दो-राष्ट्र समाधान होना चाहिए। दोनों देश अपने-अपने मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ रहें।

### किसने किया समर्थन और कहां से नहीं आया जवाब

बात अगर बोर्ड ऑफ पीस के पक्ष और विपक्ष में रहने वाले देशों की करें तो ट्रंप के ह्यबोर्ड ऑफ पीसह्ल में कई देशों ने शामिल होकर इस पहल का समर्थन किया है।

इसमें अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, मिस्त्र, हंगरी, कजाखस्तान, मोरक्को, पाकिस्तान, यूएई, सऊदी अरब और वियतनाम जैसे देश शामिल हैं।

# बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू, शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद पहला इलेक्शन



**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू हो गया है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान इस चुनाव में पीएम पद के प्रबल दावेदार हैं। शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद ये पहले चुनाव हैं। जमात ए इस्लामी पार्टी भी इस चुनाव में तगड़ी दावेदार है।

बांग्लादेश के पहले राष्ट्रीय चुनावों के लिए गुरुवार को प्रचार शुरू हो गया। बांग्लादेश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने राजधानी ढाका और दूसरी जगहों पर 12 फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले प्रचार रैलियां शुरू कर दी हैं। इस चुनाव को बांग्लादेश के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह शेख हसीना को सत्ता से हटाए जाने के बाद एक अंतरिम सरकार के तहत हो रहा है।

### कानून व्यवस्था को लेकर चिंताएं

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने का वादा किया है, लेकिन उनके प्रशासन द्वारा हसीना की अवामी लीग पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के बाद उनकी मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।

बांग्लादेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी चिंताएं हैं, लेकिन सरकार का कहना है कि मतदान शांतिपूर्ण रहेगा।

शेख हसीना की सरकार के खिलाफ हुए हिंसक आंदोलन में कई लोगों की मौत के बाद 5 अगस्त, 2024 को हसीना के देश छोड़कर जाने के बाद अंतरिम सरकार बनी। अवामी लीग के चुनाव से बाहर होने के बाद, जमात-ए-इस्लामी पार्टी चुनाव मैदान में है। जमात ए इस्लामी 10-पार्टियों वाले गठबंधन के साथ बांग्लादेश की राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जमात-ए-इस्लामी को लंबे समय से धर्मनिरपेक्ष समूहों की आलोचना का सामना करना पड़ा है, इन धर्मनिरपेक्ष समूहों का आरोप है कि जमात ए इस्लामी के विचार बांग्लादेश की धर्मनिरपेक्ष नींव को चुनौती देते हैं। शेख हसीना सरकार के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व करने वाले छात्र नेताओं द्वारा बनाई गई नई पार्टी, नेशनल सिटिजन पार्टी, या ठउढ भी इस गठबंधन का हिस्सा है।

### तारिक रहमान पीएम पद के मजबूत दावेदार

फिलहाल इस चुनाव में बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को प्रधानमंत्री पद के लिए एक प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। उनकी पार्टी को उनकी मां की मजबूत राजनीतिक विरासत के कारण अच्छा समर्थन मिला है।

# दुनिया भारत को बंगलूरू के नजरिए से देखती है, कर्नाटक निवेशकों की पहली पसंद



**दावोस।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कहा दुनिया भारत को बंगलूरू की माध्यम से देखती है। उन्होंने बताया राज्य में टेक्नोलॉजी और एआई के क्षेत्र में निवेश के कई मौके हैं। सरकार लगातार बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है ताकि राज्य के बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों में भी वैश्विक पूंजी और रोजगार लाया जा सके।

दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक के दौरान कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राज्य की क्षमताओं पर बात की। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत को बंगलूरू के माध्यम से देखती है। शिवकुमार ने बताया कि कर्नाटक निवेश के लिए सबसे अच्छी जगह है और यहां काम करने का माहौल बेहतरीन है। शिवकुमार ने कहा कर्नाटक सभी सेक्टर्स के उद्योग के लिए बहुत सारे मौके देता है।

उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशक टेक्नोलॉजी, हेल्थ केयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सेमीकंडक्टर और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। वैश्विक निवेशक पूरे राज्य के लिए मोबिलिटी पर हमारे काम को देख रहे हैं। निवेशक अब सिर्फ बंगलूरू ही नहीं, बल्कि राज्य के छोटे शहरों (टियर-2 और टियर-3) में भी काम करना चाहते हैं।

**बंगलूरू में लगातार हो रहा विकास कार्य:** शिवकुमार ने बताया कि सरकार बंगलूरू में मेट्रो, फ्लाईओवर और सुरंगों के निर्माण पर काफी पैसा खर्च कर रही है। लोगों को लगता है कि बंगलूरू सुरक्षित है, यहां प्रदूषण नहीं है और मौसम बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि देश के दूसरे हिस्सों की तुलना में कर्नाटक की अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत है।

**कई देशों के नेताओं से कर रहे है मुलाकात:** शिवकुमार ने कहा वह अपनी पहली दावोस यात्रा के दौरान शिवकुमार अमेरिका, यूरोप और सऊदी अरब के कई नेताओं से भी मिल रहे हैं। उन्होंने राज्य की मजबूत अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि कर्नाटक केंद्र सरकार को 43 प्रतिशत टैक्स देता है, लेकिन बदले में राज्य को कम हिस्सा मिलता है। इसके बावजूद, कर्नाटक हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

# आईएस कैदियों की शिफ्टिंग शुरू, अमेरिका ने 150 आतंकियों को सीरिया से इराक भेजा




**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सेना ने इस्लामिक स्टेट (क्र) से जुड़े आतंकियों को सीरिया से इराक भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण में 150 कैदियों को सीरिया के हसाका प्रांत से सुरक्षित इलाकों में इराक पहुंचाया गया है। अमेरिका का कहना है कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि इन आतंकियों को ज्यादा सुरक्षित और नियंत्रित जेलों में रखा जा सके। यह फैसला तब लिया गया जब सीरिया सरकार की सेना ने अल-होल कैंप का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। पहले यह इलाका अमेरिका समर्थित कुर्द बल रउक्र्हके पास था। अल-होल कैंप में अब भी करीब 24 हजार लोग रह रहे हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। ये सभी किसी न किसी रूप में क्र से जुड़े परिवारों के सदस्य हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक भविष्य में करीब 7 हजार क्र कैदियों को सीरिया से इराक भेजा जा सकता है। यह इलाका पहले से ही अस्थिर है और यहां बार-बार हिंसा और जेल से भागने की घटनाएं होती रही हैं। कैंप में रहने वाली महिलाओं ने हालात को बेहद खराब बताया है। उनका कहना है कि वहां न पानी है, न इलाज, न सही खाना।

कई परिवार अपने-अपने देशों में वापस जाना चाहते हैं। हालांकि कुछ लोगों को डर है कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकियों का ट्रांसफर इराक के लिए नई सुरक्षा चुनौती बन सकता है। अमेरिका और इराक दोनों का कहना है कि यह कदम आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए जरूरी है।

# ग्रीनलैंड पीएम मेट फ्रेडरिक्सन ने कहा संप्रभुता से समझौता नहीं, सुरक्षा के मुद्दे पर बात को तैयार



**कोपेनहेगन।** ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर अधिकार और गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस प्रोग्राम को लेकर नाटो के साथ सहमति की बात कही थी। इस बीच डेनमार्क की प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि वे अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेंगी। उनके देश से जुड़े फैसले लेने का अधिकार सिर्फ उन्हें है।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन ने गुरुवार को साफ कर दिया कि उनका देश अपनी संप्रभुता यानी देश के अधिकारों पर कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान तब आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वह नाटो प्रमुख के साथ आर्कटिक सुरक्षा के एक समझौते पर सहमत हो गए हैं।

ट्रंप ने हटाए टैरिफ

ट्रंप ने हाल ही में उन कर को हटा दिया है, जो उन्होंने ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण के लिए दबाव बनाने के लिए आठ यूरोपीय देशों पर लगाने की धमकी दी थी। हालांकि, इसके तुरंत बाद उन्होंने फिर कहा कि वह ग्रीनलैंड का पूरा अधिकार और स्वामित्व चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस प्रोग्राम के संबंध में ग्रीनलैंड पर अतिरिक्त चर्चा की जा रही है।

गोल्डन डोम एक मल्टीलेयर, 175 बिलियन अमेरिकी डॉलर का डिफेंस प्रोग्राम है। इसके तहत पहली बार अमेरिकी हथियारों को अंतरिक्ष में तैनात किया जाएगा।

संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं

प्रधानमंत्री फ्रेडरिकसेन ने कहा कि आर्कटिक की सुरक्षा नाटो का मामला है। इस पर चर्चा होना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि उनकी नाटो महासचिव मार्क रुटे से लगातार बात हुई है। उन्होंने साफ किया कि सुरक्षा और निवेश पर बात हो सकती है, लेकिन देश की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं होगा।

क्षेत्रीय अखंडता का करे सम्मान

उन्होंने कहा, ₹मुझे बताया गया है कि ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि डेनमार्क और ग्रीनलैंड से जुड़े फैसले सिर्फ वही ले सकते हैं। फ्रेडरिकसेन ने यह भी कहा कि वह सुरक्षा और 'गोल्डन डोम' प्रोग्राम पर सहयोगियों से बात करने को तैयार हैं, लेकिन यह सब देश की सीमाओं का सम्मान करते हुए ही होना चाहिए।

## एप्सटीन केस: क्लिंटन दंपती पर कांग्रेस की अवमानना की तलवार

**नई दिल्ली।** अमेरिका में हाउस रिपब्लिकन नेताओं ने पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और उनकी पत्नी हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह मामला कुख्यात कारोबारी और यौन अपराधी जेफरी एप्सटीन से जुड़ी जांच से संबंधित है। कांग्रेस चाहती है कि क्लिंटन दंपती गवाही दें, लेकिन उनका कहना है कि सबपोना कानूनी नहीं है। रिपब्लिकन नेता जेम्स कॉमर ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है, चाहे वह पूर्व राष्ट्रपति ही क्यों न हो।

अगर अवमानना प्रस्ताव पास होता है तो मामला न्याय विभाग को जाएगा और सैद्धांतिक रूप से जेल तक की सजा संभव है। हालांकि ऐसा पहले किसी पूर्व राष्ट्रपति के साथ नहीं हुआ। डेमोक्रेट नेताओं का कहना है कि जांच का फोकस क्लिंटन पर नहीं बल्कि एप्सटीन के पूरे नेटवर्क पर होना चाहिए। क्लिंटन दंपती पहले ही लिखित बयान दे चुके हैं कि उन्हें एप्सटीन के अपराधों की कोई जानकारी नहीं थी।

# ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस पर किए हस्ताक्षर, पुतिन ने सदस्यता के लिए पेश किया ये अनोखा प्रस्ताव



**बर्न।** दावोस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस की औपचारिक शुरूआत की और इसे वैश्विक शांति की बड़ी पहल बताया। ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने का दावा किया। वहीं, रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने सदस्यता के लिए एक अनोखा प्रस्ताव रखा। आइए इस पूरे मामले को विस्तार से समझते हैं।

विश्व आर्थिक मंच 2026 के मंच से वैश्विक राजनीति में एक नई पहल सामने आई। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने दावोस में बोर्ड ऑफ पीस के चार्टर पर हस्ताक्षर कर इस संस्था की औपचारिक शुरूआत की। ट्रंप ने इसे दुनिया में चल रहे युद्धों और टकराव को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि अब दुनिया को शांति की जरूरत है और यह मंच उसी मकसद से बनाया गया है।

दावोस में अपने संबोधन में ट्रंप ने इस दिन को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा कि एक साल पहले दुनिया आग में झुलस रही थी, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया कि उनकी सरकार आठ युद्धों को सुलझाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर काफी प्रगति हुई है। ट्रंप के मुताबिक बोर्ड ऑफ पीस दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित मंच बन सकता है और इसमें ताकतवर देशों की भूमिका अहम होगी।

संयुक्त राष्ट्र से आगे की सोच

बोर्ड ऑफ पीस की शुरूआत ट्रंप की 20-सूत्रीय गाजा युद्धविराम योजना से हुई थी। इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का समर्थन मिला था। बाद में इस पहल का दायरा बढ़ा दिया गया। ट्रंप ने संकेत दिया कि भविष्य में यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र की कुछ भूमिकाएं भी निभा सकता है। प्रशासन के मुताबिक करीब 35 देशों ने इसमें शामिल होने की सहमति जताई है और 60 देशों को न्योता भेजा गया है। स्थायी सदस्यता के लिए एक अरब डॉलर का योगदान तय किया गया है। चार्टर में यह भी प्रावधान है कि ट्रंप पद छोड़ने के बाद भी इसके स्थायी अध्यक्ष रहेंगे।

### सहयोगी देशों की नाराजगी

ट्रंप ने यह भी कहा कि वह गुरुवार या शुक्रवार को पुतिन से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी बातचीत प्रस्तावित है। ट्रंप का दावा है कि रूस और यूक्रेन समझौते के बेहद करीब हैं। वहीं दूसरी ओर, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे कई यूरोपीय देशों ने इस पहल से दूरी बना ली है। इन देशों को चिंता है कि बोर्ड का दायरा बढ़ने से संयुक्त राष्ट्र चार्टर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था कमजोर हो सकती है। इसके बावजूद ट्रंप का कहना है कि जो देश और नेता काम कर सकते हैं, उन्हें इस मंच का हिस्सा होना चाहिए।

### पुतिन का अनोखा प्रस्ताव

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने बोर्ड ऑफ पीस को लेकर चौंकाने वाला प्रस्ताव रखा है। पुतिन ने कहा कि रूस अमेरिका में जमी अपनी संपत्तियों से एक अरब डॉलर देने को तैयार है। उन्होंने साफ किया कि इस राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से फलस्तीन के लोगों की मदद के लिए किया जाएगा। यह बयान उन्होंने फलस्तीन प्राधिकरण के राष्ट्रपति अब्बास के साथ बैठक के दौरान दिया। हालांकि, पुतिन ने यह भी कहा कि इसके लिए अमेरिका को उन जमी संपत्तियों को खोलना होगा।

# सड़कों पर देखे गए समर्थन वाले पोस्टर राजधानी कराकास में दिखा ऐसा नजारा



**काराकास।** वेनेजुएला की राजधानी काराकास में निकोलस मादुरो की सत्ता में वापसी के लिए पोस्टर लगाए गए हैं। मादुरो अभी न्यूयॉर्क की जेल में बंद हैं। उन पर अमेरिका ने ड्रग तस्करी और तानाशाही के आरोप लगाए हैं। जानकारों का मानना है कि यह दृश्य वेनेजुएला में आने वाले बड़े राजनीतिक फैसलों और जनमत की दिशा तय कर सकती है।

वेनेजुएला की राजधानी काराकास इन दिनों राजनीतिक पोस्टरों से भर गई है। शहर की मुख्य सड़कों, चौराहों, इमारतों और विज्ञापन पट पर लगे पोस्टर में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सत्ता में वापसी की मांग की जा रही है। स्थानीय इलाकों से लेकर व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों तक हर जगह ये पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में मादुरो को देश की स्थिरता और संप्रभुता के प्रतीक के रूप में पेश किया गया है।

वहीं इसको लेकर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह अभियान मादुरो समर्थक खेमे की संगठित रणनीति का हिस्सा हो सकता है। इनका उद्देश्य आम जनता के बीच अपने समर्थन को मजबूत करना और राजनीतिक माहौल को अपने पक्ष में बनाए रखना है। खास तौर पर ऐसे समय में, जब देश आर्थिक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय दबावों का सामना कर रहा है।

दूसरी ओर, विपक्षी दलों ने इस तरह के सार्वजनिक प्रचार को एकतरफा राजनीतिक प्रोपेगेंडा करार दिया है। हालांकि, विरोध के बावजूद काराकास की सड़कों पर फिलहाल मादुरो का चेहरा ही सबसे प्रभावी नजर आ रहा है। आने वाले दिनों में यह देखना अहम होगा कि यह दृश्य वेनेजुएला की राजनीति और जनमत पर कितना असर डालता है।




# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर गाजियाबाद में तीन दिन होंगे भव्य आयोजन

## 24 से 26 जनवरी तक सांस्कृतिक, धार्मिक व शैक्षणिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

## उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा किया जाएगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस इस वर्ष पूरे प्रदेश में उत्साह, गौरव और सांस्कृतिक भव्यता के साथ मनाया जाएगा। राजधानी लखनऊ में जहां प्रेरणा स्थल पर राज्य स्तरीय भव्य आयोजन प्रस्तावित है, वहीं गाजियाबाद जनपद में भी उत्तर प्रदेश दिवस को ऐतिहासिक स्वरूप देने की पूरी तैयारी कर ली गई है। गाजियाबाद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 24, 25 और 26 जनवरी 2026 को तीन दिवसीय आयोजन होंगे, जिनमें उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक परंपराएं, शैक्षणिक उपलब्धियां और विकास की यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री श्री नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ जनपद के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद, उद्यमी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट नागरिक भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर 25 से अधिक सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विभागीय उपलब्धियों और गाजियाबाद के तेजी से हो रहे विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन स्टॉलों के माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनके लाभ उठाने के तरीकों से भी अवगत कराया जाएगा।




### गौरव सम्मान से होंगे विभिन्न क्षेत्र के लोग होंगे सम्मानित



**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जनपद के ऐसे नागरिकों को गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर गाजियाबाद और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसमें उत्कृष्ट उद्यमी, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता, सांस्कृतिक क्षेत्र में पहचान बनाने वाले कलाकार, चिकित्सक, प्रगतिशील किसान, वैज्ञानिक, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रतिदिन ऑडिटोरियम में लगभग 900 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इन आयोजनों में सहभागिता कर सकें। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के इस भव्य आयोजन के माध्यम से गाजियाबाद में न केवल प्रदेश की गौरवशाली परंपरा और विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा, बल्कि आमजन को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने का भी प्रयास किया जाएगा।

### गाजियाबाद पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री होगी प्रदर्शित

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण गाजियाबाद पर आधारित 7 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म होगी, जिसे बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस डॉक्यूमेंट्री का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा किया जाएगा। डॉक्यूमेंट्री में लोनी क्षेत्र से लेकर आधुनिक एवं विकसित होते गाजियाबाद तक की यात्रा को दशार्या जाएगा। साथ ही जनपद की धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक विरासत, 1857 की क्रांति में गाजियाबाद की भूमिका, औद्योगिक विकास, नगर निगम एवं अन्य सरकारी विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी का कहना है कि इस फिल्म को देखने के बाद गाजियाबाद के नागरिकों को अपने शहर पर गर्व की अनुभूति होगी।

### चार दिनों तक होंगे विविध कार्यक्रम

**करंट क्राइम :** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला चार दिनों तक चलेगी। जिसमें 23 जनवरी : नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर उनके जीवन और योगदान पर आधारित विशेष कार्यक्रम होगा। 24 जनवरी : उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026 का मुख्य समारोह, 25 जनवरी : राष्ट्रीय पर्यटन दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस का आयोजन। 26 जनवरी : गणतंत्र दिवस समारोह के साथ उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रमों का समापन होगा। कार्यक्रमों की मुख्य थीम देशभक्ति, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना पर आधारित होगी। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो राष्ट्र पर्व और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित होंगी।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि धार्मिक कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को देखने के लिए भगवा कुशवाहा लगा रहे हैं कविनगर मैदान के चक्कर? कहने वाले ने कहा सीन तो हमने बहुत देखे हैं? मगर ये नजारा हमें लगा कुछ हटकर? लगता है उनके दिल में महानमंत्री बनने का आ गया है विचार? इसलिए दिये हैं उन्होंने मैदान में दीदार? कहने वाले ने कहा वैसे भी वो कार्यकर्ता पुराने हैं? उनके नाम पर भी अतुल्यता से होना चाहिए विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सुना है आज भगवा सांवरिया जी कार्यक्रम कर रहे हैं शानदार? मगर हमें पता चला है कि इस कार्यक्रम में उनको नहीं होंगे अपने एक खास चेहरे के दीदार? पता चला है ये चेहरा आज रहेगा किसी जरूरी काम से बाहर? ये वो चेहरा है जिसके कार्यक्रम के कार्ड में नहीं हुए हैं दीदार? कहने वाले ने कहा ये भगवागढ़ की राजनीति है? यहां देखी और अनदेखी से ले लेता है अक्सर कोई ना कोई अवतार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक दावेदार इन दिनों प्रदेश वालों के पास जाकर मार रहे हैं जबरदस्त शॉट? ये वैश्य चेहरे एक बात सभी को करा रहे हैं गंभीरता से नोट? करा रहे हैं सभी को तीन विधानसभा सीटों के ब्राह्मण चेहरें पास होने का एहसास? वो दे रहे हैं संदेश कि त्यागियों को भी ब्राह्मणों में गिना जाता है साहब? ऐसे में अब आप ही निकालो समस्या का समाधान? कम से कम तीन ब्राह्मण सीटों में से एक सीट पर आना चाहिए वैश्य चेहरे का तो नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसमें कोई शक नहीं कि हिमांशु भैया पोएट वाला कार्यक्रम करते हैं जोरदार? मगर कभी कभी कुछ प्रमुख नाम नहीं आते हैं उनके मुख से बाहर? चलो ये तो हो जाता है बड़े बडे कार्यक्रमों में? मगर इसके अलावा भी एक चर्चा चल रही यार? कहने वाले कह रहे थे जिनके फोटो को मंच के बैकड्रॉप पर दिया था स्थान? कम से कम उनको तो मंच पर बैठाने का बनाना चाहिए था प्रोग्राम? जो भी हो बैकड्रॉप वाले ये चेहरे बहुत ही हैं सरल? अनदेखियों पर ये नहीं दिखाते हैं गरल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्टी कार्यालय पर हो रही थी एसआईआर अभियान की समीक्षा? यहां पर योद्धा का दिख रहा था काफी तेवर वाला अंदाज? उन्होंने मीटिंग मैं बैठे चेहरों से किया सवाल? कहा मुझे नहीं लगता कि आपको होगा अपने बीएलओ के नाम का ख्याल? सुना है उनकी सही निकली बात? कुछ ही चेहरों ने यहां पर हां में हाथ उठाये? अधिकतर चेहरों के नीचे ही रहे हाथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा सरदार ने प्रकट कर दिया अग्रवाल जी के सामने दर्द-ए-दिल? कहा उन्होंने हमसे कहा था कि आप बनाओ अच्छा प्रोग्राम? हम करेंगे भीड़ का इंतजाम? लेकिन कहने के बावजूद नहीं निभाया उन्होंने वादा? नहीं तो हमारे कार्यक्रम में भीड़ दिखाई देती और भी ज्यादा? अब आप ही बताओ भाईसाहब क्या उन्होंने ठीक किया हमारे साथ? अगर हो जाती संख्या कम? तो फिर हमारी बात हो जाती खराब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के त्यागी जी का एसआईआर समीक्षा वाली बैठक में दिख रहा था जबरदस्त वाला मयार? हम देख रहे थे समीक्षा लेने वाले इनकी तारीफ कर रहे थे जोरदार? कह रहे थे ये वरिष्ठ भी हैं और इनको है बहुत ही अच्छी जानकारी? इन्होंने एसआईआर में काम भी किया है भारी? कहने वाले ने कहा यहां हो रही थी त्यागी जी की तारीफ? जिसे सुनकर कईयों के दिल हो गये थे भारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि समीक्षा वाली बैठक से बाहर निकल कर आया एक और अपडेट? कार्यक्रम में पहुंचे थे नदिया पार के युवा चौधरी कुछ लेट? समीक्षा लेने वाले ने मौके पर ही कसा इस चेहरे पर ताना? कहा अक्सर ऐसे कार्यक्रमों में बड़े नेताओं का लेट होता है आना? कहने वाले ने कहा इतने में ही आप समझ जाओ चर्चा किसको लेकर है? इससे ज्यादा हम आपको नहीं चाहते हैं समझाना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि समीक्षा वाली बैठक में भारद्वाज जी पर था अधिकतर चेहरों का फोकस? कुछ चेहरे उनसे खुश थे? तो कुछ दिख रहे थे परेशान? जैसे ही कार्यकर्ताओं का मौका मिला उन्होंने छेड दिय एक तान? कहा अब किसी और को भी गाने दो इस सिस्टम में कव्वाली? अब तो आपको करनी चाहिए ये सीट खाली? वेस्टर्न और प्रदेश में ढूंढो अपना स्थान? ताकि यहां पर स्थापित कर सके कोई कार्यकर्ता अपनी पहचान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किनदिया पार के मैम्बर भाटी का है किंग कुमार वाला स्टाईल? वो इस बात का इंतजार नहीं करते हैं कि निगम तैयार करेगा उनके यहां पर विकास वाली फाईल? सुना है वो दे रहे थे कहीं पर ये संदेश? कह रहे थे अपनी पॉकेट से वो करते हैं एरिया का विकास? नहीं देखते हैं किसी और का फेस? उनके ऊपर है लक्ष्मी माता का आशीर्वाद? दस पैसे की इन्वेस्टमेंट को वो 100 रूपये में बदल देते हैं साहब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# नंदग्राम सहित सिटी जोन के वार्डों का नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

## पुलिया के स्लैब अव्यवस्थित मिलने पर नाराज हुए नगर आयुक्त, मौके पर कराया सुधार

**जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वार्डों में नियमित स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य : नगर आयुक्त**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नोएडा में हुए दर्दनाक हादसे के बाद से अधिकारियों में तेजी देखने को मिली है। इसको लेकर नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर भ्रमण के दौरान सिटी जोन अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का गहन निरीक्षण किया।

इस दौरान नंदग्राम, घुकना, सिहानी, पटेल नगर सहित वार्ड संख्या 06, 11, 31, 32 एवं 49 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने वार्डों की आंतरिक साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, जलकल विभाग के कार्यों तथा निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के क्रम में नंदग्राम रेत मंडी क्षेत्र में पुलिया की सफाई के उपरांत स्लैब के पत्थर अव्यवस्थित पाए गए। इस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और मौके पर ही निर्माण विभाग की टीम को बुलाकर स्लैब को सुव्यवस्थित कराने के निर्देश दिए, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया गया।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जहां-जहां नालियों या पुलियों की सफाई की जा रही है, वहां उसी समय स्लैब को सही ढंग से व्यवस्थित किया जाए, ताकि मार्ग अवरुद्ध न हों और आमजन को परेशानी न उठानी पड़े।

### जन समस्याओं के समाधान के लिए फील्ड में रहें अधिकारी

**करंट क्राइम :** निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि जन समस्याओं के निस्तारण हेतु नियमित रूप से वार्डों में स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों के साथ-साथ वार्डों के अंदरूनी मार्गों को भी सुगम और सुरक्षित बनाए रखने के लिए निर्माण विभाग विशेष ध्यान दे। नगर आयुक्त ने सफाई मित्रों से संवाद करते हुए उन्हें स्वच्छता के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने की अपील की। वहीं निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि कार्य के दौरान सतर्कता बरती जाए और किसी भी प्रकार की निर्माण बाधा से मार्ग प्रभावित न हों। विशेष रूप से सभी वार्डों में पुलिया के ऊपर बने स्लैब को व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए।

इस निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, तथा मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज कार्यक्रम के तहत नगर आयुक्त ने बांटी पीपीई किट





**कर्मचारियों की हुई स्वास्थ्य जांच**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम मुख्यालय नवयुग मार्केट में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत सफाई मित्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पीपीई किट का वितरण किया गया तथा हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। इस अवसर पर सिटी जोन के 100 से अधिक सफाई मित्रों को पीपीई किट दी गई। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी एवं डॉ. अनुज प्रभारी उद्यान उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने बताया कि निगम के सभी सफाई मित्रों का चरणबद्ध रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। 5000 से अधिक सफाई मित्रों को पीपीई किट वितरित की जा रही हैं। सभी जोनों में स्वास्थ्य जांच कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता की रीढ़ हैं और उनका स्वास्थ्य व सम्मान नगर निगम की प्राथमिकता है।

# इंदिरापुरम के मकनपुर श्री राम चौक का दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर भंडारे का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के मकनपुर श्री राम चौक के दूसरी वर्षगांठ पर पवार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा, श्री राम चौक की दूसरी वर्षगांठ पर भंडारे का आयोजन करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा उद्देश्य है कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से हम समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा दे सकें। भंडारे के दौरान, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।

श्री राम चौक की दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित इस भंडारे ने स्थानीय समुदाय को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

# आरडब्ल्यूए ने लगाया रेहड़ी-पटरी वालों पर उगाही का आरोप

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो के हबीबपुर गांव में रेहड़ी-पटरी वालों से वसूली का आरोप लगाते हुए आरडब्ल्यूए ने कड़ा विरोध किया। पदाधिकारियों का कहना है कि यदि गांव में प्राधिकरण की ओर से इस तरह की उगाही को नहीं रोका गया तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। प्राधिकरण पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रणवीर चौधरी का कहना है कि गांव के आसपास जरूरतमंद लोग रेहड़ी-पटरी लगाते हैं। प्राधिकरण की ओर से उनसे उगाही किया जा रही है। इस तरह की वसूली से गरीब लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में तो रसीद काटने और कब्जा करने जैसी कार्रवाई भी की जा रही है, जिससे स्थानीय लोग चिंतित हैं।

# तेज रफ्तार स्कोडा कार पलटी, युवती की मौत, दो गंभीर घायल



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-71 के पास तेज गति से जा रही एक स्कोडा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई।

इस घटना में कार में सवार एक युवती की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार गुरूवार दोपहर को थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-71 के पास एक स्कोडा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस घटना में कार में सवार युवती गुलफिशा पुत्री उवेश अली निवासी जनपद बरेली उम्र 31 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई ,जबकि कार में सवार मुर्तजा अब्बास पुत्र मोहम्मद अब्बास निवासी जामियानगर दिल्ली उम्र 31 वर्ष और अनुष्का चौधरी पुत्री सतीश चौधरी निवासी इंदिरापुरम गाजियाबाद उम्र 27 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नाले में गिरे बच्चे की मौत: घर के पास खेलते समय फिसला पैर

## दूसरे बच्चे ने देख मचाया शोर, इलाज के दौरान गई जान




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मसूरी क्षेत्रांतर्गत झुंडपुरा गांव में बुधवार शाम चार बजे एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। झुंडपुरा निवासी 11 वर्षीय आहिल पुत्र जाहिद की खुले नाले में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आहिल के पिता मजदूरी करते हैं, आहिल एक बहन व चार भाइयों में तीसरे नंबर का था।

आहिल रोज की तरह घर के पास खेल रहा था, इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पास में बने खुले नाले में गिर गया। नाले में पानी भरा होने के कारण बच्चा बाहर नहीं निकल सका और कुछ ही देर में उसकी जान चली गई। बच्चे को स्वास्थ्य संबंधी कुछ समस्याएं भी थीं, जिस कारण उसे अक्सर दौरा भी पड़ जाता था। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे एक बच्चे ने नाले में गिरे आहिल को देखा तो उसने शोर मचाया, तब आसपास मौजूद लोगों ने बच्चे को नाले से बाहर निकाला और तत्काल नजदीकी चिकित्सक के पास ले गए।

जहां से चिकित्सक ने उसे पिलखुआ के रामा अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे झुंडपुरा गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व प्रधान के पुत्र प्रधान नदीम मौके पर पहुंचे। नदीम प्रधान ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रशासन को सूचना दी और मौके पर आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग किया। नदीम प्रधान ने कहा कि गांव में खुले नालों के कारण लगातार हादसों का खतरा बना हुआ है और इस ओर जल्द ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। एसीपी लिपी नगायच ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी नहीं है, शिकायत मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रॉनिका सिटी की प्रिंट पैक फैक्टरी में लगी आग

**लोनी करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर बी-तीन प्लॉट नंबर डी-12 स्थित प्रिंट पैक फैक्टरी में बुधवार को अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग लगने के सही कारणों का पता किया जा रहा है।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि लोनी स्टेशन पर व्यक्ति ने आकर सूचना दी कि ट्रॉनिका सिटी सेक्टर बी 3 में प्लॉट नंबर डी 12 स्थित फैक्टरी में आग लगी है। इसके बाद टीम पानी के टैंकर लेकर मौके पर पहुंची। जानकारी हुई कि रतनलाल शर्मा की भूमि पर बनी फैक्टरी में आग लगी है। करीब 600 वर्ग मीटर फैक्टरी के भूतल, दो मंजिला पर आग लगी थी। टीम ने तीन हौज पाइप फैलाकर पंपिंग कर आग बुझाने का काम शुरू किया। फैक्टरी में काफी धुआं होने के कारण अंदर जा पाने में परेशानी हो रही थी। टीम के दो सदस्य बीए सेट पहनकर फैक्टरी के अंदर घुसे।